फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 59, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 24 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### आज से पुष्कर राज 2.0



पुष्कर सिंह धामी (मुख्यमंत्री)



सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, चंदन राम दास, सौरभ बहुगुणा

# देवभूमि में फिर 'पुष्कर राज'

## उत्तराखंडः पीएम मोदी, शाह, नड्डा और योगी की मौजूदगी में फिर सजा धामी के सिर ताज, आठ मंत्रियों के साथ ली शपथ

**देहरादूनः** पुष्कर सिंह धामी ने लगातार दूसरी बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (रि.) ने धामी को उत्तराखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। धामी के मंत्रिमंडल में जगह पाने वाले आठ मंत्रियों ने भी शपथ ली। प्रदेश को अपना मुखिया मिलने के साथ ही आज उत्तराखंड की राजनीति में कुछ मिथक टूटे और कई नए अध्याय भी जुड़े। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के राज्याभिषेक में बुधवार को पीएम मोदी सहित कई बड़े दिग्गज शामिल हुए। दोपहर 2.30 बजे शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ, लेकिन इससे पहले मंत्रिमंडल को लेकर असंमजस की स्थिति बनी रही। सुबह सीएम आवास पर बैठक हुई, जिसके बाद मंत्रिमंडल में आठ नामों को जगह मिलने की पुष्टि हुई। वहीं भाजपा ने पूर्व सीएम बीसी खंडूडी की बेटी रितु खंडूरी को स्पीकर बनाने की घोषणा कर उत्तराखंड के राजनैतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा। वह प्रदेश की पहली महिला स्पीकर होंगी। धामी के मंत्रिमंडल में सतपाल महाराज, प्रेम चंद अग्रवाल, गणेश जोशी, धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, चंदन रामदा और सौरभ बहुगुणा को जगह मिली। आवास पर बैठक खत्म होने के बाद सभी परेड ग्राउंड शपथ समारोह स्थल पर पहुंचे। इससे पहले वीआईपी मेहमानों के आने



का सिलसिला भी शुरू हुआ। इस मेगा इवेंट में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, असम के सीएम हिमंत बिस्वा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल समेत भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचे। साथ ही केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में वीआईपी मेहमानों के साथ बड़ी संख्या में लोग परेड ग्राउंड मैदान में पहुंचे। 2.30 बजे प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचते ही शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ। सबसे पहले राज्यपाल ने धामी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद सतपाल महाराज ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (रि.) ने सतपाल महाराज को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद, सुबोध उनियाल, धन सिंह रावत, सौरभ बहुगुणा, चंदन रामदास, रेखा आर्य, गणेश जोशी ने शपथ ली। पूर्व सीएम विजय बहुगुणा के बेटे सौरभ

## बुलडोजर बाबा के लगे नारे

बुलडोजर बाबा के लगे नारे

**वहीं** शपथ ग्रहण कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के पहुंचते ही बुलडोजर बाबा के नारे लगते रहे। समारोह के बाद योगी आदित्यानाथ ने यहां संतों से भेंट की। इस दौरान संतों ने उन्हें सम्मानित किया है। सम्मान लेने के साथ ही सीएम योगी ने संतों के साथ बातचीत भी की। चिदानंद मुनि, आचार्य बालकृष्ण, शंकराचार्य सहित तमाम संत भी शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद हैं।

**लंबे जाम में फंसी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की फ्लीट**

केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की फ्लीट लंबे जाम में फंस रही। जिस रूट से राजनाथ सिंह निकले उस पर लंबा जाम लगा है। जाम खुलवाने में पुलिस कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

**पुष्कर सिंह धामीः कोश्यारी और राजनाथ के करीबी, उत्तराखंड के पहले भाजयुमो अध्यक्ष**

16 सितंबर 1975 को पिथौरागढ़ के तुंडी गांव में जन्मे पुष्कर सिंह धामी की पार्टी में मजबूत पकड़ है। वे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के करीबी हैं। इसके अलावा धामी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भी करीबी माने जाते हैं। जब उत्तराखंड अलग राज्य बना था, तब धामी भारतीय जनता युवा मोर्चा के राज्य के प्रदेश अध्यक्ष थे।

**पहली बार 2012 में विधायक बनेः** पुष्कर सिंह धामी 2012 में पहली बार खटीमा सीट से विधायक बने। उन्होंने तब कांग्रेस के देवेंद्र चंद को करीब 5 हजार वोटों से अंतर से हराया था। 2017 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में धामी ने खटीमा से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। इस बार उन्होंने कांग्रेस के भुवन चंद्र कापड़ी को 3 हजार से कम अंतर से हराया। वह उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री बने। इस बार कापड़ी ने उन्हें छह हजार वोटों से हरा दिया है।

## रेखा आर्य परंपरागत परिधान में तो सतपाल महाराज पगड़ी पहनकर पहुंचे

नरेंद्र नगर से दूसरी बार विधायक चुने गए सुबोध उनियाल ने भी मंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आईं रेखा आर्य ने मंत्री पद की शपथ ली। रेखा सोमेश्वर से तीसरी बार विधायक बनीं हैं। 2016 में कांग्रेस से बीजेपी में आई थी। 2017 से उनके पास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार था। मंत्री बनने के लिए रेखा आर्य आज फिर परंपरागत परिधान में पहुंची थी। वहीं सतपाल महाराज पगड़ी पहनकर आए हैं। शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी कैबिनेट को सामने बुलाकर सबका अभिवादन किया। गणेश जोशी ने शपथ के बाद पीएम मोदी को सैल्यूट किया। इसके बाद धन सिंह रावत ने शपथ ली। रावत श्रीनगर से दूसरी बार विधायक चुने गए हैं।

राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (रि.) ने दोनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रेम चंद अग्रवाल ने संस्कृत में शपथ ली तो संतों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। शपथ ग्रहण संपन्न होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लौट गए।

## तालिबान' ने दी एनसीआर में विस्फोट की धमकी

**नई दिल्लीः** तहरीक ए तालिबान नामक पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन के इंडिया-सेल से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में विस्फोट करने की धमकी उप्र पुलिस को मिली है, जिसके बाद एनसीआर समेत पूरी दिल्ली को हाई-अलर्ट कर दिया गया है। एक दिन पहले ही दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को देर रात दक्षिणी दिल्ली स्थित सरोजनी मार्केट समेत कई प्रमुख बाजारों में सर्च ऑपरेशन भी चलाया है। इस बाबत पूछे जाने पर दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने बुधवार को बताया, "उत्तर प्रदेश पुलिस की तरफ से ऐसी कोई सूचना साझा



नहीं की गई है।" एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने सरोजनी नगर मार्केट बंद होने की बात कही थी, लेकिन मैंने स्थानीय पुलिस अधिकारी से इस संबंध में सूचना प्राप्त की है, उन्होंने बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है। सुमन नलवा ने आगे कहा कि उप्र पुलिस ने यदि स्पेशल सेल से कोई सूचना साझा की है तो उसकी जानकारी फिलहाल हमारे पास नहीं है। वहीं खुफिया सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि तहरीक-ए-तालिबान के नाम से कुछ लोगों को धमकी भरे कथित ई-मेल भेजे गये हैं, जिनमें एनसीआर में विस्फोट करने की बात कही गई है। उक्त लोगों ने संबंधित ई-मेल उत्तर प्रदेश पुलिस से साझा की है। उप्र पुलिस ने एहतियातन इस बाबत दिल्ली पुलिस को भी जानकारी दी है, जिसके बाद सुरक्षा को लेकर पूरी सावधानी बरती जा रही है और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने के साथ-साथ संबंधी सूचना की जांच कर रही है।

## ट्रेनों के देरी से चलने पर यात्रियों को मुआवजे का कोई प्रावधान नहीं

**नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे में ट्रेनों के देरी से चलने पर यात्रियों को मुआवजे देने का कोई प्रावधान नहीं है। पिछले साल खराब मौसम सहित अन्य कारणों के चलते 11 हजार 806 ट्रेन लेट हुईं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि रेलगाड़ियों के विलंब से चलने पर यात्रियों को मुआवजे देने का कोई प्रावधान नहीं है। बहरहाल, यदि यात्रा आरंभ होने वाले स्टेशन से गाड़ी के निर्धारित



प्रस्थान समय से तीन घंटे से अधिक की देरी से चलने के कारण यात्रा नहीं की जाती है, तो आरक्षित, आरएसी और प्रतीक्षा सूची टिकटधारी सभी यात्रियों को रद्दीकरण या लिपिकीय शुल्क की कटौती के बिना पूरी धनराशि वापस की जाती है।

## लगातार दूसरे दिन पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े

**नई दिल्लीः** पांच राज्यों में चुनाव खत्म होते ही तेल के दाम बढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। तेल कंपनियों ने कीमतें लगातार दूसरे दिन बढ़ा दी हैं। बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम 80 पैसे और मुंबई में 85 पैसे बढ़ गए। इस बढ़ोत्तरी के बाद अंडमान और निकोबार के पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल सबसे सस्ता यानी 84.30 रुपए प्रति लीटर और डीजल 78.52 रुपए मिलेगा। महाराष्ट्र के परभणी में पेट्रोल 114.80 और डीजल 97.44 रुपए लीटर बिक रहा है।

## रूस ने मैरियूपोल में एक लाख लोगों को बंधक बनाया

**कीव**

यूक्रेन पर रूसी हमले के 28वें दिन भी युद्ध जारी है। यूक्रेन का आरोप है कि रूस ने मैरियूपोल में एक लाख लोगों को बंधक बना लिया है। दूसरी तरफ रूस ने परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने की चेतावनी दी है। यूक्रेन पर हमले के 28वें दिन भी रूस और यूक्रेन की सेनाओं के बीच घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। रूसी सेना यूक्रेन की राजधानी कीव समेत यूक्रेन के सभी प्रमुख शहरों पर लगातार हमले कर रही है। दरअसल रूस और यूक्रेन, दोनों में से कोई भी झुकने को तैयार नहीं है। रूस पर कोई अंतरराष्ट्रीय दबाव भी काम नहीं कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलिदिमीर जेलेंस्की ने पुतिन के रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि इस माौल में रूस के साथ बातचीत कठिन है। रूस के भी तेवर सख्त बने हुए हैं। रूस ने साफ कहा है कि यदि रूस के अस्तित्व पर खतरा मंडराया तो वह परमाणु हथियार के इस्तेमाल से पीछे नहीं हटेगा। इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस पर मैरियूपोल में एक लाख नागरिकों को बंधक बनाने का आरोप लगाया है।

## वैक्सीनेशनः 50 लाख से ज्यादा बच्चों को लगी टीके की पहली खुराक

**नई दिल्लीः** देश में कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां अब तक 50 लाख से ज्यादा लोगों को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी। इससे पहले देश में कोरोना मामलों में लगातार गिरावट को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महामारी की रोकथाम के लिए लगाई गई पाबंदियों को खत्म कर दिया है। 31 मार्च से कोरोना प्रतिबंध खत्म हो



जाएंगे। दो साल बाद इन पाबंदियों से देश की जनता को निजात मिली है। अब सिर्फ दो गज की दूरी कायम रखना होगी व मास्क लगाना होगा। केंद्र सरकार ने 24 मार्च 2020 को आपदा प्रबंधन कानून 2005 के तहत पहली बार कोरोना की गाइडलाइंस जारी की थी। इसके बाद कई मौकों पर इस गाइडलाइंस में बदलाव किए गए। कोरोना के मामलों की बात करें तो बीते सात सप्ताहों में कोरोना के नए मामलों में तेजी से कमी आई है। 22 मार्च को देश में कुल सक्रिय केस की संख्या मात्र 23,913 रही। दैनिक पॉजिटिविटी रेट भी 0.28 फीसदी है। इसके साथ ही केंद्र व राज्यों के साझा प्रयासों से अब तक देशवासियों को कोविड रोधी टीकों की 181.56 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

## एयरलाइन सेक्टर के लिए दिख रहे बेहतर संकेतः सिंधिया

### 2024 तक कुल यात्री ट्रैफिक 40 करोड़ करने का लक्ष्य



**नई दिल्लीः** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्या सिंधिया ने बुधवार को कहा कि पिछले सात दिनों में लगभग 3.82 लाख यात्रियों ने रोज हवाई यात्रा की है। इससे कोविड-19 से प्रभावित रहे इस क्षेत्र के लिए उम्मीद की किरण दिखी है। सिंधिया ने कहा कि साल 2023-24 तक कुल यात्री ट्रैफिक को लगभग तीन गुना करते हुए 40 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सिंधिया ने आगे कहा कि ऐसे समय में जब पूरी दुनिया में एविएशन उद्योग समस्याओं का सामना कर रहा है, जेट और अकाला जल्द ही अपनी नई सेवाओं की शुरूआत करने जा रही हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के लिए अनुदान की मांग 2022-23 पर उत्तर देते हुए सिंधिया ने कहा, सरकार पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में आदर्श बदलाव लाई है और ढंचागत परिवर्तन हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार आम आदमी के बीच मांग बढ़ाने के लिए समावेशिता, पहुंच और सुलभता पर फोकस करेगी।

डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) के आंकड़ों के अनुसार 2013-14 में यात्रियों की संख्या 6.70 करोड़ थी जो साल 2018-19 में 14.50 करोड़ पर पहुंच गई थी। वहीं, 2013-14 में विमानों की संख्या 400 थी जो 2018-19 में 710 हो गई थी।

## स्कूलों में फिर से शुरू की जाए मिड-डे-मील योजनाः सोनिया

**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को लोकसभा में स्कूली बच्चों को दोपहर का भोजन देने वाली मिड-डे-मील (मध्याह्न भेजन) योजना को फिर से शुरू किए जाने का मुद्दा उठाया। लोकसभा में शून्य काल में सोनिया गांधी ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे हुए हैं। उनके स्कूल सबसे पहले बंद किए गए और सबसे बाद में शुरू किए गए। इस दौरान उनके लिए जारी मिड-डे-मील योजना भी बंद रही है। उनका अनुरोध है कि मिड डे मील को दोबारा शुरू किया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सुप्रीम



कोर्ट और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के प्रावधानों के चलते कोविड महामारी के दौरान सूखा भोजन वितरित किया गया है। हालांकि पके हुए पौष्टिक भोजन का कोई विकल्प नहीं है। देश के भविष्य बच्चों को पौष्टिक भोजन की आवश्यकता है। इससे स्कूलों को छोड़ने वाले बच्चे भी फिर से लौट आयेंगे। सोनिया गांधी ने कहा कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 के मुताबिक 5 साल से कम आयु के कमजोर और अल्प-पोषित बच्चों की संख्या में 2015-16 के मुकाबले इजाफा हुआ है। यह स्थिति चिंताजनक है और इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। केन्द्र से आग्रह है कि वह गर्म और पका हुआ भोजन देना फिर से शुरू करें और मिड-डे-मील के लिए बजटीय प्रावधान करें। इसके अलावा आंगनवाड़ी के माध्यम से गर्भवति व स्तनपान कराने वाली महिलाओं और तीन साल से कम उम्र के बच्चों को भोजन मुहैया करायें। इसके लिए कम्युनिटी किचन शुरू किया जाना चाहिए।

## दो साल बाद कोविड पाबंदियां खत्म मास्क और स्वच्छता उपाय रहेंगे जारी

**नई दिल्लीः** गृह मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बुधवार को आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों को हटाने का निर्णय लिया है। यह कोविड -19 महामारी नियंत्रित करने के लिए लगाए गए थे। हालांकि आधिकारिक आदेश में स्पष्ट है कि फेस मास्क के उपयोग सहित कोविड रोकथाम के उपाय अभी भी जारी रहेंगे। एनडीएमए ने महामारी की स्थिति में समग्र सुधार और इससे निपटने की पर्याप्त तैयारियों की समीक्षा के बाद यह फैसला किया है। केन्द्रीय गृह सचिव ने राज्यों को पत्र लिखकर सूचित किया है कि 25 फरवरी को जारी आदेश की समाप्ति के बाद (31 मार्च) के बाद कोई नया आदेश नहीं जारी किया जाएगा। हालांकि इसमें स्पष्ट किया गया है कि कोविड रोकथाम से जुड़े केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े परामर्श अब भी जारी रहेंगे। इसका मतलब है कि कोविड उचित व्यवहार से जुड़े उपाय जैसे मास्क लगाना, स्वच्छता बरतना अब भी जारी रहेंगे। आधिकारिक आदेश में सरकार ने कहा है, पिछले 24 महीनों में, महामारी के प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं।

# इफको ठेका मजदूर संघ ने शहीद भगत सिंह की शहादत पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## शहीद भगतसिंह के शहादत दिवस पर लिया गया उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प



शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते इफको ठेका मजदूर संघ के कार्यकर्ता

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ व ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियन (एक्टू) ने बुधवार को फूलपुर में शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर देश के वीर सपूतों को नमन किया। देश के लिए जान गंवाने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक्टू जिला संयोजक कामरेड देवानंद ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस को हम लोग जन अधिकार दिवस के रूप में मना रहे हैं। जब हम जन अधिकार की बात कर रहे हैं तो देश व प्रदेश में फासीवादी ताकतें सक्रिय होती हैं। इन्हीं ताकतों ने भारत की सारी सार्वजनिक संपत्तियों को कौड़ियों के दाम नीलाम कर दिया है । यूनियन के अध्यक्ष कामरेड जय प्रकाश ने कहा कि आज देश, संविधान,लोकतंत्र के साथ ही देश की संपूर्णता को बचाने के लिए हम संकल्प लेते हैं कि भगत सिंह के सपनों का भारत बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के महामंत्री कामरेड त्रिलोकीनाथ पटेल ने किया। कार्यक्रम में विजय सिंह यादव , राजनाथ यादव , फूलचंद प्रजापति , अमर सिंह , नान्हु दास, मनोज कुमार ,जगदीश कुमार ,रामचंद्र गौतम सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहीद दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते छात्र-छात्राएं।

**सहसों।** देश के वीर सपूतों को शहीद दिवस पर देश की आजादी के लिए महान क्रांतिकारी बीर अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और बलिदानी अमर शहीद सुखदेव जी की शहादत दिवस के अवसर पर क्षेत्र के भरद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में बलिदानी क्रांतिवीर शहीदों को उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि करके उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। शहीद दिवस पर कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने प्राध्यापकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब लोग आजाद भारत की खुली हवा में जो सांसे ले रहे हैं और नित नए सपनों को नया आयाम दे रहे हैं इसके पीछे इन्हीं सब अमर शहीद बलिदानी क्रांतिकारियों का अपूर्णीय योगदान रहा है। जिन्होंने देश को अपनी बलिदान देकर फांसी के फंदे से लटक गए और देश को आजाद करवाया। हमें आज उनके आदर्शों से शिक्षा लेनी चाहिए और उन्हें शहीद दिवस के मौके पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन करना चाहिए। सभी को उनके त्याग बलिदान और समर्पण से शिक्षा लेकर देश के लिए समर्पित और एकजुट होकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में सुश्री संयोगिता सिंह, कुमारी प्रमोद यादव, रूबी दुबे, नीलम सोनकर, अंजली यादव, प्राची श्रीवास्तव, शिव शंकर, लक्ष्मी प्रसाद सहित आदि लोग उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## प्रधानमंत्री आवास दिलवाने के नाम पर लाखों की जमीन का कराया बैनामा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** प्रधानमंत्री आवास दिलवाने के नाम पर महिला के नाम की जमीन को जालसाजों ने बैनामा करा लिए। सच्चाई पता चलने पर महिला ने मऊआइमा थाने में पांच लोगों के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज करा दियाहै। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सादलपुर कहली निवासनीय मंजू सिंह पत्नी अजय सिंह का आरोप है कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलवाने के लिए कतिपय लोग झांसा देकर उसके नाम की लाखों की जमीन को अपने अपने नाम बैनामा करा लिया है । सच्चाई पता लगने पर जब वह उलहना देने गई तो मारने पीटने की धमकी दी गई । मंजू सिंह ने मऊआइमा थाने में इन्द्रजीत ,विनोद कुमार ,अजीत कुमार, इन्द्र बलि ,निवासी कलुआपुर ,संजय कुमार निवासी सादलपुर के खिलाफ जालसाजी ,फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# डीएम ने पाली हाउस का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री ने सहसों क्षेत्र के बेरूई रामनगर में संचालित राज नारायण पाण्डेय द्वारा पाली हाउस का मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाली हाउस के तापमान, खाद, बीज आदि की जानकारी ली। उन्होने संचालक से पाली हाउस करने के लिए प्रेरणा तथा सब्सिडी, मार्केटिंग आदि की भी जानकारी ली। डीएम प्रयागराज ने कहा यह एक अत्यंत सराहनीय कार्य है इसे और लोगों को करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी फूलपुर अमरेश कुमार सहित सम्बंधित अधिकारीगण तथा उत्साहित लोग उपस्थित रहे।



बेरूई गांव में पाली हाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

# जहर खुरानी के शिकार हुए दो ड्राइवर और दो खलासी

**अखंड भारत संदेश**

**ड्राइवरों के पास से दो मोबाइल वॉच 6000 हुए गायब**

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के एक बाजार में दो ट्रक ड्राइवर के साथ ही दो उनके खलासी राइसमील में चावल लादकर कानपुर के लिए राइसमील के बाहर निकले थे कि मोटर साइकिल से दो युवक आये और अपनी बातों में फंसाकर चाय पिलाकर बेहोश कर दिया और ट्रक में रखा सामान उडा.ले गए। जसरा रेलवे स्टेशन के पीछे मुन्ना राइस मिल के पास की है। जहां पर दो ट्रक ड्राइवर राइस मिल से चावल लाद करके कानपुर के लिए जा रहा था। गेट के बाहर निकल कर अपनी गाड़ियों में दोनों बैठे ही थे कि दो लोग मोटरसाइकिल से आकर अपनी बातों के झांसे में ट्रक चालकों को फंसा लिया और बैठे-बैठे ही वहीं चाय मंगाया औरतें चारों को पिलाया। कुछ देर बाद दोनों गाड़ियों के ट्रक ड्राइवर व खलासी बेहोश हो गए। उनके गाड़ी में रखे पैसे और मोबाइल उनके पास से उठा ले गए। सुबह जब तकरीबन 9:00 बजे दोनों गायब गाड़ियों के ड्राइवरों को होश आया और अपने-अपने खलासियों को जगाने लगे लेकिन वह होश में नहीं आए और जब अपना मोबाइल और पैसा गाड़ी मैं खोज नहीं लगी तोड़ना ही उनके पैसे थे ना ही मोबाइल यह देखकर दोनों ट्रक ड्राइवर बदरवास हो गए ड्राइवर जब नीचे उतर कर राहगीरों और मील मालिक से अपनी घटना बताई तो मिल मालिक ने तत्काल घूरपुर थाना अंतर्गत गौहनिया चौकी इंचार्ज गौरव सिंह को सूचना की चौकी प्रभारी गौरव सिंह द्वारा दो सिपाहियों को भेजकर जांच कराई जा रही है। दारू से पूछे जाने पर बताया गया कि वह लगभग 10:00 बजे रात में मिलकर गेट से बाहर निकले और बाहर खड़े हो गए तभी बाइक से 2 लोग आए और अपनी बातों में फंसा कर मुझे चाय पिलाया और चले गए थे ड्राइवरों के बताया अनुसार एक के चेहरे पर गिल्टी टाइप का उभार बना हुआ था ड्राइवरों ने अपना नाम विजय कुमार पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम नसरतपुर कानपुर देहात और सोनू सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह कानपुर के रहने वाले हैं वही खलासी यों का नाम पता और उनका क्या सामान और पैसा गायब हुआ है यह नहीं पता चल सका।

## पूर्व शिक्षक के निधन पर शोक

सहसों। सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिव प्रभा इंटर कॉलेज जगदेवपुर बरेठी के प्रबंधक शिवमूर्ति सिंह के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई तथा भारी संख्या मे गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह, भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, प्रबंधक वंश बहादुर सिंह, शिक्षक जगदीश सिंह, प्रधानाचार्य डॉ मिथिलेश कुमार, लक्ष्मीकांत मिश्रा, राधेश्याम यादव, ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र मिश्र, पवन पांडे, सचिन शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद आदि रहे।

# नौजवान भारत सभा ने 91वें शहीद दिवस पर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** शहीदे आजम भगत सिंह,राजगुरु सुखदेव का 91वें शहादत दिवस नौजवान भारत सभा के बैनर तले जसरा में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शहीदों के तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित कर नारे लगाए शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव अमर रहे साम्राज्यवाद का नाश हो, गांव में गरीबों का विकास करो, कारपोरेट व माफिया पर रोक लगाओ,गांव में रोजगार दो, धार्मिक घृणा फैलाना बंद करो, महंगी शिक्षा बंद करो,लाठी चार्ज नहीं रोजगार दो,सरकारी पदों पर ठेकेदारी/कैजुअल प्रथा बंद करो आदि नारे लगाए गए। सभा के दौरान नौजवान भारत सभा के अध्यक्ष का० भीमलाल ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत से गोरे साहबों के साथ - साथ काले साहब व विदेशी पूंजी को जब तक भगाया नहीं जायेगा, देश की मेहनतकश जनता को आजादी नहीं मिलेगी। आज भारत के शासक विदेशी पूजी निवेश कराने के लिए विदेशों में यात्रा कर रहे हैं व जनता के खून पसीने से बनाई हुई सरकारी संस्थान बड़े कारपोरेट को कौड़ी के भाव सौंप रहे हैं। उन्हें बड़े पैमाने पर छूट देकर जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ा रहे हैं। जनता के लिए सरकारी सुविधाएं बढ़ाने के बजाय कटौती कर रहे हैं। शिक्षा को निजी हाथों में सौंपकर महंगी कर रहे हैं।कोई इन नीतियों का विरोध नही करे, इसके लिए जनता में धार्मिक घृणा फैलाकर उसे बांट रहे हैं। इन नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लेकर सभा को समापन किया गया। कार्यक्रम को संजय निषाद,अभिषेक पटेल, मोहन, सुशील, धीरेंद्र, सूबेदार, रोहित, अमर, कुलदीप आदि ने संबोधित किया, संचालन भीमलाल व अध्यक्षता राजेश विद्यार्थी ने किया।








बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों का फूटा गुस्सा किया पॉवर हाउस का घेराव

# विजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश, पॉवर हाउस का घेराव

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र बदलते मौसम में जहां एक तरफ लोग गर्मी से बेहाल हैं वहीं क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है तथा पानी की समस्या से लोगों को दो-चार होना पड़ रहा है। मेजा खास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल लगा ट्रांसफार्मर पिछले 10 दिनों से फूंका पड़ा है जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा उच्चाधिकारियों से की गई फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। नाराज ग्रामीणों ने बुधवार दोपहर 33/11 उपकेंद्र मेजा पावर हाउस का घेराव किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगवाने की बात कही गई। तब जाकर ग्रामीण माने और वापस चले गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 10 दिनों से वह गर्मी में परेशान है पानी की एक-एक बूंद के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा ट्रांसफार्मर फूंकने की शिकायत स्थानीय उच्चा धिकारियों को दिया गया लेकिन उनके कानों तक जूं नहीं रेंग रही। ग्रामवासियों में अधिकारियों के प्रति लापरवाही बरतने पर आक्रोश बना है।

## बोर्ड में प्लक लगाते समय करंट की चपेट में आये खीरी निवासी इसरार की हुई मौत

**लेडियारी।** थाना खीरी अन्तर्गत बुधवार सुबह 7:30 के करीब खीरी निवासी इसरार खान पुत्र अली हुसैन अपने निज निवास पर बिजली के बोर्ड में प्लक लगाते समय करेंट के चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए परिवारजनों ने उनकी आवाज को सुना तो परिजन दौड़ कर किसी तरह तार को काटकर उन्हें छुड़ाया गया आनन-फानन में परिवार जनों द्वारा उन्हें कर्मा हेल्थ सेंटर हॉस्पिटल ले जाया गया वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और उन्हें घर लाया गया खीरी पुलिस को सूचना दी गई मौके पर खीरी थाना अध्यक्ष बैकुंठ नाथ पांडे अपनी टीम के साथ पहुंचे और शव को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज को भेज दिया गया आपको बताते चलें कि इसरार खान चार भाइयों में दूसरे स्थान पर थे उनके बड़े भाई अबरार खान दो छोटे भाई इनाम खान और इकबाल खान है मृतक इसरार खान के दो बेटे अब्दुल रहमान 19 वर्ष रफत खान 10 वर्ष और एक बेटी रोशनी खान 14 वर्ष की है इनका ट्रक का कारोबार था उसी से अपना जीवन यापन करते थे इनके आकस्मिक मौत से घर पर परिवार एवं पूरे मोहल्ले में मातम छा गया बीवी बच्चों का रो रो कर बुरा हाल रहा।

# प्रवेश पत्र के नाम पे की जा रही है उगाही जिम्मेदार मौन



रुपये लेकर प्रवेश पत्र बांटते



प्रवेश पत्र लेने आये विद्यार्थियों की लगी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**लेडियारी।** कोरांव तहसील अन्तर्गत शिव जियावन इन्टर कालेज में हाईस्कूल एवं इन्टर के बच्चों एवं बच्चियों से मनमाने तरिके एवं जबरन वसूली की जा रही है 100 रुपये के दर मैनेजमेंट एवं प्रधानाचार्य के इसारे पर वशूली की जा रही है इस प्रकरण में कार्यवाहक प्राइवेट बड़े बाबू से बात करने की कोशिश की गई लेकिन मोबाइल फोन रिशिव नहीं किया गया। विद्यालय के अन्यत्र लोगों से बात किया गया तो उन्होंने बताया शासन से कोई आदेश नहीं है। परीक्षा के दौरान बैच आने पर हमारे विद्यालय से मोटी रकम देनी पड़ती है इस लिए वशूली की जा रही है। अभिवावकों का यह कहना है कोराना काल में हम लोगों महंगाई को लेकर परेशान चल रहे हैं लेकिन बच्चों के फीस अतिरिक्त सहित हर छठवें महिनें देने के बाद अब प्रवेश पत्र का शुल्क देना पड़ रहा है। इनके वशूली के वाद जहा सेन्टर गया है वहा का भी रहने की बेवस्था करनी पड़ेगी।शिक्षा विभाग के अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच कर कार्यवाही करने की कृपा करें।

# एमएलसी चुनाव को लेकर गांव की सरकारों के साथ सम्पर्क तेज

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य चुनाव के मद्देनजर संगठनों द्वारा गांव की सरकारों के साथ प्रत्याशियों की जीत के लिए संपर्क का दौर शुरू हो गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एक संपर्क बैठक ग्राम प्रधान बाल गोविंद तिवारी दामोदर पुर उर्फ तिवारीपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें अनिरुद्ध सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगा पार के अगुआई में आए हुए सम्मानित ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार प्रकट किया गया। इस पर अनिरुद्ध पटेल ने अपने संबोधन में प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा कि गांव के विकास की प्रथम कड़ी के रूप में सरकार की तमाम योजनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी इन्हीं जनप्रतिनिधि की प्रमुख होती है। और यह अपील की गई की भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर के पी श्रीवास्तव को एमएलसी चुनाव में भारी से भारी मतों से विजय श्री हांसिल हो सके। इस संपर्क बैठक में मुख्य रूप से शशांक मिश्रा, शशांक सिंह, अन्नू सिंह, समाजसेवी शिव नारायण सिंह (गप्पू) , संदीप दुबे, बृजेश पांडे प्रधान, संदीप मिश्रा , पन्ना लाल कनौजिया, मुनीषा नंद मिश्रा , संतोष कुमार , लक्ष्मीकांत पटेल , राम प्रकाश , नागेंद्र सिंह, सुभाष पटेल , मनीष सिंह , राजबली , अनिल सरोज, मनोज मिश्रा सहित आदि जनप्रतिनिधि शामिल रहे।



एमएलसी चुनाव संपर्क बैठक में क्षेत्र प्रतिनिधियों केसाथ अनिरुद्ध पटेल।

## मकान में हिस्सेदारी को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट, दो घायल

**सहसों।** मकान में हिस्सेदारी को लेकर चले जा रहे पुराने विवाद के चलते दो सगे भाइयों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। सराय इनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत कसेरूआ कला गांव में बुधवार को सायंकाल लगभग 6 बजे पुश्तैनी मकान में हिस्सेदारी को लेकर दो सगे भाई में मारपीट हो गई जिससे दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बनी भेज दिया। सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत बनवारी लाल साहू के दो पुत्र शिव बाबू साहू तथा संजय साहू बुधवार को कसेरूआ कलां स्थित मकान में हिस्सेदारी को लेकर विवाद हो गया।विवाद के पश्चात दोनों में जमकर मारपीट हो गई। बीच बचाव कर रहे पिता बनवारीलाल के सिर में चोट आई तथा छोटे भाई शिव बाबू साहू की पत्नी विमला साहू को भी काफी चोटें आई।सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सहसों दयाराम ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनी भिजवाया तथा पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मकान का यह विवाद काफी दिनों से चला आ रहा है।

# गाजे बाजे के साथ अपने पित्रों के मोक्ष प्राप्ति हेतु गया धाम प्रस्थान

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र के चनेथू शरीफाबाद गाँव निवासी नन्हें लाल दुबे पितृ पक्ष में अपने माता पिता एवं पूर्वजों के श्राद्ध हेतु मंत्रोच्चारण के बीच तर्पण पिंडदान के माध्यम से सभी बंशावली पर ध्यानपूर्वक ध्यान केन्द्रित कर अपने अराध्य इष्टदेव एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं अपने परिवार खानदान की सुख समृद्धि हेतु बुधवार को गया धाम प्रस्थान किया। पित्रों के श्राद्ध से मोक्ष की प्राप्ति होती है पितृ पक्ष मे ही लोग पित्रों के तर्पण हेतु भरतकूप होते हुए गया मे पिंडदान करते है। पारिवारिक सदस्यों, खानदान तथा क्षेत्रवासियों के संग गाजे बाजे के साथ भ्रमण करते हुए गांव के प्रत्येक घर की सुख शांति हेतु सभी घरों से अक्षत लेते हुए नन्हें लाल दुबे ने अपनी पत्नी के साथ गया प्रस्थान किया।इस अवसर पर पुरोहित शंकरनाथ पांडेय, अशोकानंद महराज, पंडित भानु प्रकाश मिश्र, राजदेव दुबे, पड़ेश्वरनाथ दुबे, अमरनाथ दुबे, समरनाथ दुबे, कैलाश नाथ दुबे, शंभूनाथ दुबे, बड़ेलाल दुबे, छोटेलाल दुबे, हौसिला दुबे, नंदलाल दुबे, सुभाष दुबे, दादे दुबे, मातासहाय दुबे अशोक दुबे, सुनील, परमिल, नारायण, गौरव, अनुज, हिमांशु, अभिषेक, शिवम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



मोक्ष प्राप्ति के लिए गया धाम प्रस्थान करते

# भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के सम्मान में खूब लगे नारे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** स्वतंत्रता आंदोलन में अगृणी भागीदारी कर बलिदान देने वाले सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का शहीद दिवस बुधवार को मनाया गया। जिला प्रशासन और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं शहीद-ए-आजम भगत सिंह स्मारक समिति ने अलग-अलग आयोजन किए। पुलिस जवानों ने 21 गनशाट फायर कर और पुलिस बैंड ने राष्ट्रभक्ति धुन बजाकर बलिदानियों को नमन किया।

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष दोपहर में अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार मौर्य और संस्कृति विभाग के पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर ने बलिदानियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उद्यान अधीक्षक उमेश कुमार उत्तम, नागरिक सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। नीरज ठाकुर ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया।अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं शहीद-ए-आजम भगत सिंह स्मारक समिति ने तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। क्रांतिकारी परंपरा अमर रहे, इन्कलाब जिंदाबाद, भगत सिंह अमर रहें के नारे लगाए। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। काव्य पाठ भी हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त संजय गोयल ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। पूर्व शिक्षामंत्री डा. नरेंद्र कुमार सिंह गौड़ ने तीनों बलिदानियों को शीर्ष श्रेणी का स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताया।अध्यक्षता राजू मरकरी ने की। संचालन राज बहादुर गुप्ता ने किया।


शहीद दिवस पर चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजिल अर्पित करते लोग

**जाति धर्म की राजनीति खत्म करने आहवान**

नगर निगम में सर्वदलीय पार्षद, पूर्व पार्षद कल्याण समिति ने भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए जाति, धर्म, धन और नफरत पर आधारित राजनीति तथा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए संकल्प लेने का सभी से आहवान किया। समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद शिवसेवक सिंह, पार्षद आनंद घिल्डियाल, कमलेश सिंह, अशोक सिंह कई अन्य पार्षद व पूर्व पार्षद शामिल हुए।

**बलिदानियों के व्यक्तित्व पर चर्चा**

प्रगतिशील समाज पार्टी ने आजाद पार्क में शहीद दिवस मनाया। प्रदेश अध्यक्ष दीपचंद्र मौर्य ने बलिदानियों के व्यक्तित्व और कृतित्तव पर चर्चा की। प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत पटेल, निष्ठादेव आदि पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी।

**लोकगीत से की प्रशंसा**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अमृत महोत्सव आयोजन समिति प्रयागराज दक्षिण ने बलुआघाट बारादरी स्थित यमुना तट पर भजन संध्या कराई। इसमें लोकगायक रामबाबू और उनके सहयोगियों ने बलिदानियों की प्रशंसा में लोकगीत प्रस्तुत किए। विभाग प्रचार प्रमुख वसु ने कार्यक्रम का संयोजन किया। डा. आनन्द शंकर सिंह, प्राचार्य ईश्वर शरण महाविद्यालय, ने भारत को स्वतंत्रता मिलने के पहले व बाद के ऐतिहासिक पहलुओं को उकेरा। कार्यक्रम का संचालन दक्षिण भाग के प्रचार प्रमुख आशीष ने किया।

**जलाए 5100 दीप**

इस अवसर पर विभाग प्रचार प्रमुख वसु, नरेंद्र, अवधेश, दक्षिण भाग प्रचारक सौरभ, मोहन जी टंडन, मनोज आदि ने 5100 दीप जलाकर आजादी के मतवालों को याद किया गया।

## व्यवसाई के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**करछना।** मंगलवार रात क्षेत्र के भुण्डा गांव निवासी व्यवसाई मनोज कुमार केसरवानी उर्फ पप्पू के निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।धरवारा स्थित जीएस एकेड़मी में उनके निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया।प्रबंधक विनय कुमार सिंह ने कहा कि भुण्डा मोड़ पर अपने खान पान के व्यवसाय को लेकर क्षेत्र के लोगों में जल्दी ही चर्चित हो गये थे।अपने सादगी भरे स्वभाव और हंसमुख व्यक्तित्व के चलते सभी में प्रिय बने रहे।स्थानीय मंदिरों में त्योहारों के अवसर पर भण्डारे का आयोजन और गरीब असहायों की मदद के चलते पप्पू की असामयिक मौत से लोगों में शोक की लहर व्याप्त है।विद्यालय के शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रख आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।व्यवसाई के निधन से गांव समेत आस-पास की दुकाने भी बंद रही।इस मौके पर शिक्षक,शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।



## पहल कौशल प्रतियोगिता में ग्रामीण बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**ग्रामसभा जूही में हुआ आयोजन, बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में की सहभागिता**

**शंकरगढ़।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद जैसी गतिविधियां भी आवश्यक होती हैं। इसी के मद्देनजर विकास खंड शंकरगढ़ की ग्रामसभा जूही में बाल कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इंजीनियर आर के सिंह की पहल पर हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर याद किया गया। एसडीएम सौम्या गुरुरानी ने उक्त आयोजन की तारीफ करते हुए सभी बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सभी ग्राम सभाओं में होने चाहिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास हो सके। इस प्रतियोगिता में आसपास के स्कूलों से आए बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। बाल कौशल प्रतियोगिता में जलेबी रेस, जीके क्विज, थ्री लेग रेस, सिंपल रेस, ग्रुप डिस्कशन, बैकपैक रेस में भाग लिया। अंत में विजेता बच्चों को एसडीएम सौम्या गुरुरानी ने पुरस्कृत किया। संचालन वरिष्ठ समाजसेवी रमाशंकर मिश्र ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान दिनेश मिश्र का सहयोग सराहनीय रहा। हेमराज सिंह ने खेल का संचालन किया। आयोजन का हिस्सा बनने पहुंचे थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने भी इस आयोजन के लिए आयोजक और बच्चों की तारीफ की। इंजीनियर आरके सिंह ने बताया कि उनका उद्देश्य गांव को एक आदर्श गांव बनाना है बच्चों को और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है।



## एसडीएम के आश्वासन पर 19 घंटे बाद हुवा किशोर का अंतिम संस्कार

**सिरसा।** प्रयागराज माण्डा क्षेत्र होलिका विवाद में घायल किशोर की दौरान इलाज मौत व पोस्टमार्टम के बाद शव गाँव में 19 घंटे तक रखी रही । एसडीएम के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार महेवाकला गंगाघाट पर किया। गुरुवार सायं थाना क्षेत्र के टीकापुर गाँव निवासी अशोक कुमार मिश्रा के बेटे प्रियांशु 14 को होलिका विवाद में गाँव के चार ज्ञात व तीन अज्ञात लोगों ने लाठी से पीटा था । घायल किशोर को नाजुक दशा में इलाज हेतु मांडा सीएचसी से स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज भेजा गया । शुक्रवार को सभी आरोपियों के खिलाफ अशोक कुमार के तहरीर पर जानलेवा हमला, गालीगलौज, मारपीट, बलवा ओर जा से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया। सोमवार रात लगभग नौ बजे दौरान इलाज किशोर की मौत हो गयी और मंगलवार सायं चार बजे पोस्टमार्टम के बाद शव गाँव आया । शव गाँव आने के बाद मंगलवार सायं चार बजे से बुधवार सुबह 11 बजे तक थानाध्यक्ष मांडा व क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग परिजनों को किशोर के अंतिम संस्कार हेतु समझाते रहे, लेकिन परिजन एसडीएम मेजा के आने की जिद पर अड़े रहे । बुधवार सुबह दस बजे एसडीएम मेजा विनोद कुमार पांडेय टीकापुर गाँव आये और परिजनों को पीएम आवास, उचित मुआवजा, परिवार की सुरक्षा व आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिये, तब शव उठा और महेवाकला गंगाघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। 19 घंटे तक मांडा थाने, दिघिया व भारत गंज चौकी के सभी दरोगा, सिपाही व महिला सिपाही टीकापुर गाँव व उसके बाद दोपहर तक अंतिम संस्कार में गंगाघाट पर डटे रहे ।

## किशोर के तीन हत्यारोपी मुख्य आरोपी संग गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज माण्डा थाना क्षेत्र में होलिका विवाद में मारपीट के चार दिन बाद दौरान इलाज किशोर की मौत के नामजद चार आरोपियों में मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय भेजा। थाना क्षेत्र के भवानीपुर ग्राम पंचायत के टीकापुर गाँव निवासी अशोक कुमार मिश्रा के तहरीर पर पुलिस ने होलिका विवाद में घायल उनके बेटे प्रियांशु 14 वर्ष को सीएचसी से नाजुक दशा में इलाज हेतु स्वरुप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज भर्ती करा दिया था । सोमवार सायं दौरान इलाज प्रियांशु की मौत हो गयी थी । मौत के बाद मंगलवार सायं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की धारा बढ़ाकर पुलिस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी में लग गयी । बुधवार सुबह मांडा रोड तिराहे से पुलिस ने शिवम् पांडेय ऊर्फ बिहारी , सौरभ पांडेय व सचिन पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। शिवम् पांडेय मुख्य हत्यारोपी बताया गया । चार नामजद आरोपियों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय भेजा । गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष मांडा महेश मिश्रा, वरिष्ठ उप निरीक्षक राम केवल यादव व हमराही सिपाही श्रवण कुमार, अनीश कुमार, गौरव, प्रमोद कुमार व खुशबू तिवारी शामिल रहे।


किशोर के तीन हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त में

## लुटेरे गैंग के दो शातिरों को पुलिस ने पकड़ा

**घूरपुर।** घूरपुर पुलिस ने इलाके से लूट गैंग के दो सदस्यों को तमंचाऔर बम व लूट के नकदी समेत पकड़ कर जेल भेजा है । घूरपुर एसओ धीरेंद्र सिंह के अनुसार मंगलवार की शाम वह अपनी पुलिस टीम के साथ गौहनिया ओवर ब्रिज के पास संदिग्धों की तलाश में थे। तभी दो संदिग्ध युवक पुलिस को देखते भागने लगे । शक होने पर पुलिस ने घेर कर दोनो को पकड़ लिया । थाने ले आकर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस एवं चार देशी बम के साथ ग्यारह सौ नकदी बरामद हुआ ।पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनो बदमाश सोनू डांडी पुत्र मो नईम निवासी भंडरा थाना नैनी के खिलाफ घूरपुर थाने सहित अन्य कई थाने में एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, वह कई बार जेल भी जा चुका है । इसी तरह दूसरे बदमाश अब्दुल अवल पुत्र इशरत अली निवासी भंडरा भी शातिर किस्म का है । पुलिस ने दोनो के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## शांतिभंग की आशंका में दस लोगों का चालान

**शंकरगढ़।** शांतिभंग की आशंका पर दस लोगों का एक साथ चालान किया गया है। शंकरगढ़ पुलिस द्वारा उक्त सभी के खिलाफ धारा 151, 107, 116 के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने बताया कि थाने की पुलिस ने रविशंकर सिंह पुत्र रामजतन सिंह (निवासी बढ़ैया), अशोक कुमार सिंह पुत्र शिवजतन (बढ़ैया, शंकरगढ़), पंकज श्रीवास्तव पुत्र शिव बहादुर (निवासी कपरौड़ा, जनेह, रींवा, मध्यप्रदेश), बजरंगी पुत्र कमला प्रसाद (भैंसहाई, शंकरगढ़), वासुदेव पुत्र पाले (भैंसहाई, शंकरगढ़), भरत कुमारपुत्र राजाराम (झलवा, जवा, रींवा, मध्यप्रदेश), बुद्धनारायण साहू पुत्र स्व. राम किशोर (निवासी रामापार, शंकरगढ़), नंदलाल पुत्र स्व. रामकिशोर (रामापार, शंकरगढ़), दुर्योधन पुत्र नंदलाल (रामापार, शंकरगढ़) और उमेश साहू पुत्र नंदलाल (रामापार) का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है।



## विधायिका गीता पासी ने पीड़ित परिवार से मिलकर हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**सोरांव।** थाना क्षेत्र गधिना गांव की एक दलित और मूक बाधिर महिला के साथ गांव के ही एक मुस्लिम युवक ने रविवार को दुष्कर्म किया था। पीड़ित युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक को तुरंत थाने उठा लाई और हवालात में बंद कर दिया। तत्पश्चात एफआईआर लिखकर मंगलवार को पीड़िता का मेडिकल चेप भी करवा लिया गया। उक्त दुष्कर्म की सूचना पाते ही क्षेत्र की नव निर्वाचित विधायिका गीता पासी ने अपने कार्यकताओं के साथ सोमवार और मंगलवार को दो दिन लगातार पीड़ित के परिवार से मिलकर उनके हालचाल जाने और संभव आर्थिक मदद भी दीं। तथा दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का भरोसा भी दिया। पीड़ित परिवार वालों को एह भी भरोसा दिलाया की मैं विधायक के साथ ही साथ अपने विधान सभा के सभी जाति, संप्रदाय, धर्म, के प्रत्येक परिवार की सदस्य के रूप में सभी की सेवा करूंगी। जिस प्रकार क्षेत्र की जनता ने मेरे ऊपर भरोसा और विश्वास किया है। ठीक उसी प्रकार मैं भी सभी लोगों को यह विश्वास दिलाती हूं कि विधान सभा के विकास के लिए मैं तन मन धन न्योछावर करने के लिए तैयार हूं। और सभी के साथ न्याय होगा दोषियों का साथ कभी भी न देने की भी बात कही। इस मौके पर विधान सभा महा सचिव संजय पटेल,विधान सभा अध्यक्ष बच्चा यादव,जिला पंचायत सदस्य खिन्नी लाल पासी,जिला सचिव बच्चा पठान,भारत लाल,अंशु पासी सहित दर्जनों लोग रहे।

## पीड़ित पक्ष कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, जोन प्रयागराज के समक्ष बैठेगा आमरण अनशन पर

**प्रयागराज।** 21 जनवरी 1994 को घूरपुर थानांतर्गत ग्रामसभा दौना में हुये दौना काण्ड के दौरान बतौर मुआवजा पीड़ित पक्ष शिवपतिया पत्नी स्व.मोतीलाल व पन्नालाल पुत्र मसुरियदीन निवासीगण दौना को आराजी नम्बर 509 रकबा 0.217 हेक्टे. का कृषि कार्य हेतु पट्टा हुआ था। पट्टे की तारीख से प्रार्थीगण पट्टे वाली जमीन पर काबिज दाखिल रहे जोतते बोते चले आ रहे थे। 15 मार्च 2022 को अभियुक्तगण पट्टे वाली जमीन पर प्रार्थीगणो द्वारा बोई गई सरसो की फसल को काटकर उठा ले गए जो कानूनन अपराध है। विपक्षीगण के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बावत कल दिनांक 24 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज के समक्ष अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे। मुल्जिमानों के खिलाफ जबतक एफआईआर दर्ज नही हो जाता तब तक अनशन जारी रहेगा।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत परिवार से ही एमएलसी चुनने की भरी हुंकार

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज मंडल ने पंचायत प्रतिनिधियों में से ही किसी एक को एमएलसी बनाने का आह्वान किया है। ज्ञातव्य हो कि अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश ने कमल मिश्रा को एमएलसी पद का उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को कोरांव में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के उम्मीदवार कमल मिश्रा की मौजूदगी में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कोरांव ब्लॉक के भारी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पंचायतों में निहित प्रदत्त अधिकारों को प्राप्त करने एवं सभी पंचायत प्रतिनिधियों को मजबूत बनाने के लिए संगठन ने निर्णय लिया है कि खुद पंचायत प्रतिनिधियों के बीच का ही कोई व्यक्ति अगर एमएलसी बनेगा तो निश्चित तौर पर पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों एवं हक की जहां बात होगी, वही संगठन के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधि भी मजबूत होंगे। कार्यालय उद्घाटन के दौरान उम्मीदवार कमल मिश्रा ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के हक एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए सबकी सहमति से उम्मीदवार बनाया गया हूं। श्री मिश्र ने कहा कि पंचायत परिवार संगठित हो कर यह सीट जीते जिससे पंचायतें मजबूत हों और हर सा गठन जा सदस्य अपने को एमएलसी समझे साथ ही पंचायतों के अधिकार में शक्ति दिखे। , आप लोग अपना अमूल्य आशीर्वाद देकर मुझे एमएलसी चुनने का काम करें निश्चित तौर पर आपके हक एवं अधिकारों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ी जाएगी। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी ने सत्ता के बल पर पंचायत प्रतिनिधियों को हड़काने धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधि अब खुद जाग गए हैं। वह खुद निर्णय लेकर अपने बीच के ही उम्मीदवार को एमएलसी बनाने का काम करेंगे। सरकार अनावश्यक पंचायत प्रतिनिधियों पर अगर दबाव बनाती है तो निश्चित तौर पर इसके विरोध में भी पंचायत प्रतिनिधि लामबंद होकर पूरे प्रांत में सड़क पर उतरने का काम करेंगे।



पंचायत परिवार के एमएलसी प्रत्यासी का कोरांव में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन समारोह

इसी प्रकार प्रधान संगठन के मंडल प्रभारी अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे अल्हवा ने भी संबोधित करते हुए समस्त पंचायत प्रतिनिधियों क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अखिल भारतीय संगठन के उम्मीदवार कमल मिश्र को विजई बनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि प्रधानों ने प्रदेश में सरकार बनवाई,अब सरकार को चाहिए कि कमल मिश्र को ही अपना समर्थन दे। अन्यथा हमारा संगठन बिकने वाला नहीं है,अर्न ही बैठने डरने वाला है। क्योंकि पूरे प्रदेश में करीब 59 हजार ग्राम पंचायतें है,इससे भी अधिक बीडीसी मेंबर्स हैं। और जिले में भी हमारी ही लोगों की सर्वाधिक संख्या है। साथ ही हमीं सब लोग वोटर्स हैं।शहजादे ने कहा कि वोट हमारा राज तुम्हारा यह नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हमारे संगठन की मांगों पर जो भी उम्मीदवार अमल करेगा, उनको पूर्ण करने की बात करेगा। संगठन उसके साथ समर्थन देते हुए सहयोग करेगा। इसी प्रकार एकत्रित हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने 25 मार्च को जिला पंचायत सभागार में एकत्रित होकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। 25 मार्च को जिला पंचायत सभागार में जिले भर के पंचायत प्रतिनिधियों से उपस्थित होकर अपनी ताकत को दिखाने की अपील की गई। उद्घाटन के दौरान प्रमुख रूप से शंकर दयाल तिवारी, राजू सिंह, मुन्ना सिंह, उमाशंकर सिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रामानुज यादव,ज्ञान सिंह पटेल,दिलीप कुशवाहा बीडीसी संघ अध्यक्ष,गायत्री प्रसाद सिंह समेत भारी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवदयाल मिश्र प्रधान टुंडियार, तथा संचालन प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामानुज यादव ने किया।


एमएलसी प्रत्यासी वासुदेव यादव के पक्ष में प्रचार करते सपा जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राइन

## एमएलसी सपा प्रत्यासी के समर्थन में नसीरुद्दीन राईन ने किया जन प्रतिनिधियों से संपर्क

**फूलपुर।** क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले व गरीबों की आवाज बनने वाले राजनेता को जनता हमेशा सर आंखों पर रखती है। सपा के एम एल सी प्रत्यासी वासुदेव यादव का उनके चुनावी क्षेत्र में अपार जन समर्थन है। इसलिए पूर्व की भांति इस बार भी सम्मानित जनप्रतिनिधि उन्हें अपना मत देकर विजयश्री दिलाने का काम करेंगे। उक्त बातें बुधवार को प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सरवाडीह,अगहुआ, हंसराज पुर,चकरा,नन्दौत में इलाहाबाद कौशांबी स्थानीय निकाय एम एल सी चुनाव के सपा प्रत्याशी व निवर्तमान एम एल सी बासुदेव यादव के समर्थन में जन सम्पर्क करते हुए सपा जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राइन ने कही। क्षेत्र पंचायत सदस्यों वह ग्राम प्रधानों से सपा प्रत्याशी बासुदेव यादव के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि निवर्तमान एम एल सी वासुदेव यादव क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानो के साथ ही गरीब,किसान, नौजवान, छात्र,महिला, व्यापारी, अल्पसंख्यक,दलित समाज के वंचित लोगों की आवाज को सड़क से लेकर विधान परिषद में हमेंशा उठाते रहें हैं। क्षेत्र में चहुंमुखी विकास का वादा करते हुए उन्होंने कहा कि विधायक रहते हुए बाबूजी ने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। गांव में सड़क, नाली, ट्यूबवेल,सोलर लाइट, की बात हो या फिर पानी के लिए हैण्ड पम्प की वासुदेव यादव ने यथा शक्ति क्षेत्र के विकास में एक कदम आगे की सोच रखी। इस दौरान प्रतापपुर विधानसभा प्रभारी रंगी लाल यादव, मुराद मंसूरी, कुमार मंगल, मोहम्मद इरफान, विरेन्द्र यादव, वाज़िद तुफानी,मो मसूद शारूख, क्षेत्र पंचायत सदस्य परवेज आलम,शिव बाबू यादव, प्रधान श्याम लाल यादव, लल्ला यादव,दिलीप यादव, योगेन्द्र चौहान, धर्म राज, सहित अन्य ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सेवा दल नें शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर निकाली पद यात्रा




**अखंड भारत संदेस**

**प्रयागराज।** बुधवार को शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की शहादत दिवस के अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के तत्वाधान में संध्या वंदन पदयात्रा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संध्या वंदन तिरंगा पदयात्रा सायं 6: 00 बजे हनुमान मंदिर चौराहे से शुरू होकर सुभाष चौराहे तक हुई । राष्ट्रगीत, ध्वज वंदन, श्रद्धांजलि सभा, राष्ट्रगान कार्यक्रम के प्रमुख अंग रहे। सेवादल सेवकों ने हनुमान मंदिर चौराहे पर राष्ट्रगीत गाकर ध्वज वंदन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर पदयात्रा का आरंभ किया और सुभाष चौराहे पहुंचकर शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा की ।कांग्रेस सेवा दल के शहर अध्यक्ष अभिनीत कुशवाहा ने बताया कि आधुनिक भारत के इतिहास में दो महानतम समाजवादी चिंतक हुए जिनमें पहले भगत सिंह से और दूसरे जवाहरलाल नेहरू भगत सिंह ने जिस राष्ट्र का सपना देखा था नेहरू ने उस राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और मौजूदा सरकार लगातार सामाजिक उपक्रमों को बेचकर भगत सिंह के समाजवाद को फांसी दे रही है। सभा का संचालन अक्षय यादव क्रांतिवीर ने किया। इस दौरान अनुज यादव, नागेंद्र मिश्रा, चंद्रशेखर अधिकारी, शिवम पांडेय, अजय पांडेय, मुकेश जायसवाल, रोहित कुशवाहा, अमित द्विवेदी, धनंजय कुशवाहा, जगत मौर्य, अभिशेक शुक्ला, सुजीत गुप्ता, अमित यादव, अनुराग यादव, अरबाज खान, धीरेन्द्र सिंह, शिवम पटेल, पंकज यादव, अरबाज खान, सावन पाल, अर्जुन झरबेरी आदि उपस्थित रहे।

## नकल पर नकेल कसेंगे सुपर जोनल मजिस्ट्रेट

**मेजा रोड।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड ) की 24 मार्च से शुरू हो रही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में इस बार प्रदेश के हर जिले में सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी स्तर के इन अधिकारियों के ऊपर नकल पर नकेल कसने की जिम्मेदारी होगी। यूपी बोर्ड में नकल रोकने के लिए प्रदेश के हर जिले में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की सदन मॉनिटरिंग व निगरानी होगी। नकल कराने मैं यदि किसी व्यक्ति की भूमिका नजर आती है तो उसके खिलाफ शासन ने सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। शासन ने यूपी बोर्ड की परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखने के लिए इस बार हर जिले में एडीएम स्तर के कम से कम 3 अधिकारियों की तैनाती का आदेश दिया है।

## बोर्ड की परीक्षा नकल विहीन कराना ही हमारी प्राथमिकता : मदन मुरारी



**मेजा।** शासनादेश के मुताबिक यूपी बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाओं को नकल विहीन कराना ही हमारी प्राथमिकता होगी। उक्त उद्गार बाबू नवल किशोर इण्टरमीडिएट गेदुराही के प्रधानाचार्य मदर मुरारी श्रीवास्तव ने परीक्षा के एक दिन पूर्व विद्यालय प्रागड़ में आयोजित अध्यापकों की बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होनें कहा कि हाईस्कूल एव इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में कथित नकल माफियाओं द्वारा परीक्षा केन्द्रो पर नकल कराना एक परिपाटी बन चुका है ऐसे में 24 मार्च से शुरू होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं को शासन के मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षा कराना ही हमारी प्राथमिकता होगी। इतना ही नहीं प्रधानाचार्य श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड की परीक्षा सकुशल एवं नकल विहीन कराये जाने के लिहाज से विद्यालय में औपचारिक रूप से सभी तैयारिया पूरी कर ली गयी है। परीक्षा के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश विद्यालय प्रांगड़ में नहीं होगा चाहे वह कितना ही प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो ? उन्होनें कहा कि बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये है। बैठक में उपस्थित सभी अध्यापकों को कड़े निर्देश देते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यदि परीक्षा के दौरान किसी भी कक्ष में किसी भी परीक्षार्थी के पास कोई अनुचित सामग्री पायी गयी तो उस कक्ष के अध्यापक को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उदयचन्दपुर विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत/निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्यों में प्रयोगार्थ सामग्री जैसे :- ईट, सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू, ईट गिट्टी इत्यादि की आपूर्ति हेतु 20000 से 100000 तक की सामग्री का कोटेशन तथा रूपया 100001(एक लाख एक रूपया) से ऊपर की सामग्री हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन सं0 हो मोहर बंद टेण्डर दिनांक 08.10.2021 को पूर्वान्ह 10बजे से अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत उदयचन्दपुर के टेण्डर बाक्स में आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे कोटेशनदाता/निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित निविदा कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 03.10.2021से 08.10.2021तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगे एवं धनराशि/NSC/FD के रूप में ग्राम पंचायत उदयचन्दपुर के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | कार्यस्थल का विवरण | सामग्री का नाम | लागत (लाख में) | टेण्डर/कोटेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उदयचन्दपुर | मनरेगा | काशीराम के घर से रोशन के घर तक पक्की नाली निर्माण (लम्बाई 95 मीटर चौड़ाई 1 फिट) | पावर ब्रिक्स, ईट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 1.5 लाख | टेण्डर |

सीता सरोज
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उदयचन्दपुर
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज।

मिथलेश कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत उदयचन्दपुर
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज

# निवर्तमान एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल को सात वर्ष का कारावास

## दस हजार का लगा जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमएलसी चुनाव में जनसत्ता दल के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी को फर्जी पते पर असलहा का लाइसेंस लेने के मामले में आज अपरान्ह सात वर्ष की सजा एवं दस हजार रुपये जुमार्ना की सजा एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुना दिया।

गत 15 मार्च को न्यायालय ने इन्हें इस मामले में दोषी करार दिया था और आज इन्हें सात वर्षों की सजा सुना दी गई। जिस समय यह फैसला सुनाया गया, उस समय अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी तथा जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया अदालत में मौजूद थे। अदालत के इस फैसले से अक्षय प्रताप सिंह का एमएलसी का चुनाव लड़ना आसान नहीं लगता। इन्होंने पहले ही एहतियाती तौर पर अपनी पत्नी मधुरिमा को नामांकन कराया है।



पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय से निकलते अक्षय प्रताप सिंह गोपाल।

बता दें कि मंगलवार को सजा की बहस के बाद अक्षय प्रताप सिंह को न्यायालय ने पुलिस हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। आज बुधवार को अपरान्ह 1.45 बजे गोपाल जी जेल से फिर अदालत में आए जहां अपरान्ह 3.30 बजे एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश ने सात वर्षों की सजा व 10 हजार जुमार्ना की सजा से दण्डित किया। इससे राजा भइया तथा उनके समर्थकों को गहरा धक्का लगा है। सजा का ऐलान होने के बाद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल को फिर पुलिस अपनी गाड़ी में बैठाकर जेल ले गई। बता दें कि निवर्तमान एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल का मूल निवासी जामो अमेठी है। इन्होंने सितम्बर 1997 में नगर कोतवाली के पते से शस्त्र लाइसेंस लिया था। इस मामले में तत्कालीन शहर कोतवाल डीपी शुक्ला ने एफआईआर लिखाई और चार्जशीट भी अदालत में पेश कर दिया था, जिसकी आज अदालत में सजा सुनाई गई। जिस समय अदालत में सजा सुनाई गई, अदालत के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तथा राजा भइया के समर्थक मौजूद रहे।

# समाज व राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाते हैं शिक्षकः प्रो0 मिश्र

## भगवानदीन दुबे इंटर कालेज में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के भगवानदीन दुबे इंटरमीडिएट कॉलेज पहाड़पुर में आज शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर जगदीश नारायण मिश्र रहे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर मिश्र ने कहा कि शिक्षक अवकाश ग्रहण करने के बाद विद्यालयीय दायित्वों से भले ही मुक्त हो जाता हो किंतु समाज एवं राष्ट्र के प्रति उसके दायित्व कभी कम नहीं होते अपितु और अधिक गुरुतर हो जाते हैं। इस विद्यालय ने ऐसे विद्यार्थियों को उत्पन्न किया है जो देश के विभिन्न कोनों में विभिन्न प्रतिष्ठानों में इस क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी इस विद्यालय के छात्र रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों में विषयगत ज्ञान के साथ ही संस्कार अवश्य डालें और उन्हें भारतीय संस्कृति के अनुरूप व्यवहार करने के प्रति प्रेरित करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश चंद्र पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया एवं विद्यालय की प्रगति आख्या सभी के समक्ष रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी शिव प्रताप पांडे ने तथा संचालन सरोज कुमार सिंह एवं डॉ शशांक शुक्ला ने किया।



शिक्षक सम्मान समारोह में मौजूद सम्मानित शिक्षकगण।

कार्यक्रम में अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ ज्ञानेंद्र नाथ त्रिपाठी, शिक्षक गिरजानंद मिश्र, राम अवध त्रिपाठी, कृष्णानंद त्रिपाठी, राजा राम दुबे, ब्रजेश कुमार पांडे, श्रीधर शुक्ल एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी पारसनाथ मौर्य, मदन लाल यादव, बाला दीन तथा जवाहरलाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश त्रिपाठी, माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र पांडे, राज किशोर शुक्ल, विश्राम मिश्र, अनंत बहादुर सिंह, शिव प्रसाद शुक्ला, श्रीनिवास मिश्र, नवीन कुमार दुबे, ललित पांडे, श्याम शंकर शुक्ल आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य डा0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र।

## परीक्षा के दौरान एक नकलची का हुआ रिस्टीकेशन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवतीनंदन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज में चल रही एम ए, एम एस सी आदि विषयों की परीक्षा बड़ी शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। आज दूसरी पाली की परीक्षा में आंतरिक उड़ाका दल की सक्रियता के चलते एक रिस्टिकेशन हिंदी बिषय में हुआ। बताते चलें कि प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र सुचिता पूर्ण परीक्षा कराने के लिए कटिबद्ध है। उनका कहना है कि परीक्षा के दौरान कालेज की विश्वसनीयता पर आंच नही आने देंगे। उड़ाका दल प्रभारी डॉ राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में टीम के सभी सदस्यों ने बड़ी मेहनत के साथ बराबर नकलचियों पर निगाह बनाये हुए हैं। प्रथम पाली की परीक्षा में 342 छात्रों ने परीक्षा दी। 61 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में 679 छात्रों ने परीक्षा दी। 31 छात्रों ने अपनी गैरहाजिरी दर्ज कराई। उक्त सूचना जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र हेमवतीनंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ ने दी।

# सूचना अधिकार के तहत मांगी गयी सूचनाएं 30 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराएंः राज्य सूचना आयुक्त

## राज्य सूचना आयुक्त ने जनपद के जन सूचना अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 सूचना आयोग लखनऊ के राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय जन सूचना अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में समीक्षा बैठक की गयी।

बैठक में राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य नागरिकों के सूचना के अधिकार को कार्यान्वित करने के लिये व्यवहारिक प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करना है। लोक प्राधिकरण के नियंत्रण में उपलब्ध सूचना तक नागरिकों की पहुँच को सुनिश्चित करना हैं प्रत्येक लोक प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही विकसित कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है। उन्होने कहा कि जन सूचना अधिकारियों का प्रथम दायित्व नागरिकों को सूचना उलपब्ध कराना है। यदि अधिनियम व नियमावली के अनुसार देय सूचनायें उपलब्ध नही कराते तो दण्ड के भागी होंगे। समीक्षा बैठक के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी की 117 शिकायतें, ग्राम्य विकास विभाग की 61 शिकायतें, पुलिस विभाग की 10, राजस्व की 02, बेसिक शिक्षा की 30, माध्यमिक शिक्षा की 08, स्वास्थ्य विभाग की 04, समाज कल्याण की 02, भूमि संरक्षण के 02, लोक निर्माण विभाग के 02, अल्पसंख्यक विभाग के 03, विद्युत विभाग के 10, बाल विकास एवं पुष्टाहार के 04 शिकायतें व अन्य विभागों की एक-एक शिकायतें पोर्टल पर लम्बित पायी गयी। बैठक में अधिकारियो द्वारा बताया गया कि कुछ शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है जिस पर राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की प्रति उपलब्ध करा दें जिससे सूचना आयोग में मिलान किया जा सके। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि प्रारूप-3 का रजिस्टर बना लें और सूचना अधिकार अधिनियम की जो भी शिकायतें हो उसमें अंकित किया जाये जिससे शिकायतों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत जो भी व्यक्ति जन सूचना मांगता है यदि वह विभाग से सम्बान्धित नही है तो अधिकारीगण अलग से एक पत्र के माध्यम से सम्बन्धित व्यक्ति को सूचित करें, उसी पत्र पर मार्क न करें। उन्होने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत जो भी सूचनायें मांगी जाये उसे 30 दिनों के अन्दर सूचनायें उपलब्ध करा दी जाये, यदि मांगी गयी सूचना में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसमें लिख दिया जाये कि सम्बन्धित सूचना देय नही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित समस्त जनपदीय स्तरीय जन सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में बोलते राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव।

## अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े शिक्षिका के साथ की चेन छिनैती, हडकम्प

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक सवार अज्ञात बदमाशो ने दिनदहाडे शिक्षिका से चेन छिनैती की दुस्साहसिक वारदात अंजाम दी है। स्थानीय कोतवाली के लालगंज नगर पंचायत निवासी स्व. राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी की पुत्री निशा त्रिपाठी नया का पुरवा खजुरी के समीप विजय कान्वेंट स्कूल मे शिक्षिका है। बुधवार को दिन मे करीब तीन बजे वह विद्यालय से स्कूटी द्वारा घर वापस आ रही थी। खजुरी के पास से ही दो बाइक सवार शिक्षिका के पीछे लग गये। वर्मा नगर के समीप बाइक सवारों ने शिक्षिका को स्कूटी मे उसके दुपटटे फंसने का इशारा किया। इस पर शिक्षिका ने स्कूटी रोक अपना दुपटटा सही करने लगी। तब तक बाइक सवार बदमाश मुड़कर शिक्षिका के पास आ गये। एक बदमाश शिक्षिका को दुपटटे का खतरा समझाने लगा तब तक दूसरा बदमाश बाइक से नीचे उतरकर उसके गले की सोने की पचास हजार कीमती चेन छीन ली। बदमाशों ने शिक्षिका के कान का आभूषण भी खींचा किंतु तब तक शिक्षिका के विरोध पर बदमाश रफूचक्कर हो गये।

# प्रखर चिंतक व समाजवादी राजनेता थे डा0 राम मनोहर लोहिया : छविनाथ

## सपा कार्यकताओं ने मनाई डा0 लोहिया की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी चिंतक डॉ० राम मनोहर लोहिया की जयंती व शहीद भगत सिंह, सुखदेव सिंह, राजगुरु सिंह जी के शहीद दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर गोष्ठी के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ० लोहिया जी भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता थे। उनके पिताजी गांधी जी के अनुयाई थे। सभी समाजवादी साथियों को उनके पदचिन्हों पर चलकर ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। रानीगंज विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी को आज इस ऊंचाई पर पहुंचाने का श्रेय डॉ राम मनोहर लोहिया जी को जाता है। भगत सिंह भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव, एमएलसी प्रत्याशी विजय यादव, भैयाराम पटेल, सियाराम यादव, नरेंद्र पाल, गीरीश पासी, इरशाद सिद्दीकी, जगदीश मौर्या, आशुतोष पाण्डेय, इरफान खान, शान्ति सिंह, समीम खान, प्यारेलाल खैरा, अभिषेक तिवारी, गुड्डू मिश्रा, रमाशंकर यादव, शबनम बानो, राम अवध यादव, डॉ रायबहादुर पटेल, मनीष पाल, मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



डा0 लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष व विधायक।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवां उप निरी0 ओम प्रकाश सिंह अपने टीम के साथ वारण्टी अभियुक्तों की तलाश व क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की खास सूचना पर मु0अ0 स0 210/21 धारा 380,411 भादवि के वांछित अभियुक्त वीरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र आजाद बहादुर सिंह निवासी मिश्रदयालपुर थाना हथिगवां प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के नहरिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

## मवेशी चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बारा बीघा गाव में मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोर एक मवेशी को खोलकर ले जाने वाले थे कि ग्रामीणों की नजर मवेशी चोरों पर पड़ गयी। शोर शराबा मचने पर मवेशी चोर मौके से भाग निकले और पड़ोस के डिहवा गांव में जाकर बकरी खोल रहे थे कि ग्रामीणों ने चोरो को चारों तरफ से घेर कर पकड़ लिया और मामले की जानकारी मानिकपुर पुलिस को दिया।

# बिना टेंडर हो गया रेलवे शौचालय का सुंदरीकरण!

## एक बाहरी व्यक्ति को सरकारी प्रक्रिया बिना ही सौंप दी गई संपत्ति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रेलवे स्टेशन परिसर स्थित जिस सुलभ शौचालय में युवती के साथ दुष्कर्म किया गया है। दरअसल, वह अभी चालू ही नहीं हुई है। उसका सुंदरीकरण कराया गया, जिसमें नियम को ताक पर किसी बाहरी व्यक्ति को बिना किसी टेंडर प्रक्रिया के मालिकाना हक दे दिया गया। जो अब जिम्मेदार अफसरों के गले की फांस बनता दिखाई दे रहा है। अगर रेलवे सही तरीके से इस मामले की जांच करे तो कामर्शियल विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी नप जायेंगे।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुलभ शौचालय का सुन्दरीकरण होना था।

उसके बाद अप्रैल माह से उसको चालू करना था। बताया जाता है कि एक व्यक्ति ने शौचालय के सौंदर्यीकरण का कार्य खुद से कराने की सोची। अपने संबंधों का लाभ उठाकर वह लखनऊ कामर्शियल विभाग के एक अधिकारी से मिला। अधिकारी ने उसके पत्र को लिया और उसके नाम से एक चिट्ठी निकाल दी, जो प्रतापगढ़ के अधिकारियों के पास आई, जिसमें उसको शौचालय का सुन्दरीकरण कराने की परमिशन दी गई। जानकारों का कहना है कि इस तरह का सरकारी कार्य जिसमें निर्माण या मरम्मत आदि होता है। उसका टेंडर होना चाहिये। जिसका टेंडर पास होता उसको काम दिया जाता, लेकिन अधिकारियों ने नियम को ताक पर रखा और बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के एक बाहरी व्यक्ति को शौचालय की चाबी थमा दी। उनकी इस लापरवाही ने रेलवे की छवि पर बट्टा लगाने का काम किया है। इस बारे में स्थानीय अधिकारी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। सीनियर डीसीएम लखनऊ मंडल का फोन नहीं उठा।

# डीजल लेने जा रहे युवक से 50 हजार की छिनैती

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टर और जेसीबी में डीजल डलवाने जा रहे एक युवक को रास्ते में आधा दर्जन आरोपियों ने रोककर 50 हजार रुपये जबरन छीन लिया। पीड़ित ने इस सम्बंध में कंधई थाने में आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया है। कंधई थाना क्षेत्र के पिपरी खालसा गांव के रहने वाले विष्णु कुमार मिश्रा पुत्र राम शिरोमणि कन्हई थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार कि सुबह लगभग नौ बजे पट्टी-प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित खमपुर पेट्रोल पंप पर अपने ट्रैक्टर और जेसीबी के साथ डीजल डलवाने के लिए जा रहा था, तभी गांव के आधा दर्जन लोग उसके पास आए और उसे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। पीड़ित जब तक कुछ समझ पाता ,तब तक उसे आधा दर्जन लोगों ने पीटकर जख्मी कर दिया और उसके पास में रखा हुआ 50 हजार रुपये तथा मोबाइल छीन ले गए। पीड़ित घायल दशा में बाबा बेलखरनाथ धाम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना इलाज कराया। उसने कंधई थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## युवती ने की आत्महत्या, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** मानसिक तनाव के चलते युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली के उदियापुर निवासी रामप्यारे धुरिया की पुत्री सोनम 20 इधर मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी। बीमारी से तंग आकर सोनम ने बुधवार को शाम चार बजे कमरे मे लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां अपनी छोटी बेटी के साथ खेत गयी थी। घर मे सोनम अकेली थी। खेत से वापस लौटने पर मां ने कमरे मे युवती को आवाज दी किंतु अंदर से कोई जबाब नही आया। इसके बाद परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गये। दरवाजा तोडा गया तो युवती से फंदे से लटकता देख परिजन आवाक रह गये। युवती की मौत को लेकर परिजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर थानाध्यक्ष कमलेश पाल मौके पर पहुंचे व शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर देर शाम पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना को लेकर मृतका की मां मीरा देवी ने पुलिस को तहरीर दी है।

# शहादत दिवस पर महापुरुषों की मूर्तियों की हुई धुलाई, चूने का छिड़काव कर महापुरुषों को किया माल्यार्पण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहादत दिवस के अवसर पर नगर पालिका बेल्हा ने सरदार भगत सिंह पंजाबी मार्केट में सुभाष चंद्र बोर्स व सदर मोड़, अम्बेडकर चैराहा, निर्मल पैलेस तिराहे व अम्बेडकर चैराहे की मूर्तियों की धुलाई-सफाई कर उन्हें फूल-माला अर्पित किया।

नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में नगर के सभी क्रान्तिकारियों, महापुरुषों की मूर्तियों की धुलाई सफाई कर चूने का छिड़काव किया गया तथा नगर पालिका की ओर से महापुरुषों की मूर्तियों का माल्यार्पण भी किया गया। बता दें कि 23 मार्च 1931 को सरदार भगत सिंह व उनके दो साथियों राजगुरु व सुखदेव को लाहौर सेन्ट्रल जेल पर फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया गया था तभी से देशवासी 23 मार्च को शहादत दिवस के रुप में इन क्रांतिकारियों को याद करते हैं।

## पड़ोसियों ने शराब पीकर दंपत्ति को पीटा, शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मदनामऊ सराय छिवलहा गांव की रहने वाली प्रिया पत्नी प्रदीप कुमार बुधवार की सुबह पट्टी कोतवाली पहुंची, उसने बताया कि मंगलवार की शाम लगभग आठ बजे उसके पड़ोसी पिता-पुत्र शराब के नशे में उसके घर पर आ गए और उसके पति प्रदीप कुमार को भद्दी गालियां देने लगे। जब प्रदीप ने इस बात का विरोध किया तो लाठी लेकर पिता और पुत्र प्रदीप को जमकर मारा पीटा, जिससे उसके हाथ और पैर में काफी चोटे आई।

## खबर संक्षेप

### नहर का पानी खेतों में भर जाने पर मौके की स्थिति देखने पहुंची नायब तहसीलदार

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र में नहर की खन्धी कट जाने के बाद सैकड़ों एकड़ खेत में पानी भर गया है जिससे खेत की फसलें जलमग्न हो गयी खेत की फसलों में पानी भर जाने से किसानों के सामने विकराल समस्या उत्पन्न हो गई मामले की जानकारी जिला प्रशासन को लगी जिस पर जिला प्रशासन ने नायब तहसीलदार को मौके की स्थिति का जायजा लेने के लिए भेजा मौके पर पहुंची और उन्होंने मौके पर स्थिति की जांच पड़ताल की है नायब तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया है कि नहर विभाग की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसानों के नुकसान का आकलन कर उनकी भरपाई मुआवजे से कराई जाएगी

### मंझनपुर वासी पी रहे है दूषित पानी

**कौशाम्बी।** नगरपालिका मंझनपुर क्षेत्र के चक नगर प्रथम कोर्रो रोड पर जलकल विभाग के पानी सप्लाई में बीते एक सप्ताह से दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है कई बार नगर वासियों ने नगर पालिका मंझनपुर से दूषित पानी की सप्लाई को बंद करने की मांग की नगर वासियों ने कहा कि जलकल विभाग से स्वच्छ जल की सप्लाई कराई जाए लेकिन नगर वासियों की बातों को नगर पालिका ने नजरअंदाज कर दिया और लगातार दूषित जल की सप्लाई हो रही है।

# किसानों के निजी नलकूप का विद्युत बिल माफ हो : अजय सोनी

## किसानों, गरीबों की समस्यायों को लेकर समर्थ किसान पार्टी ने सड़क पर भरी हुंकार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के ग्राम अढौली में नहर कटने से किसानों को हुए नुकसान का समुचित मुआवजा देने की सकिपा ने उठाई मांग समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिले भर के किसानों की कई समस्यायों को लेकर किसान नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में डायट मैदान मंझनपुर में धरना प्रदर्शन किया गया और एक पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन द्वारा महामहिम राज्यपाल को भेजा गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को डायट मैदान मंझनपुर में समर्थ किसान पार्टी ने किसानों की समस्यायों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी के तमाम वक्ताओं ने अपनी आवाज बुलंद की। सभा की अध्यक्षता कर रहे पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश में किसानों, गरीबों एवं बेरोजगारों के साथ अन्याय किया जा रहा है। किसानों की आय दुगुनी करने के बजाय आधी करने की सरकारी कवायद जारी है। गरीबों को महीने भर में मात्र पांच किलो राशन दिया जा रहा है और बेरोजगार युवा दर दर नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं उनकी सुनने वाला कोई नहीं है उन्होंने आगे कहा कि अगर


धरना प्रदर्शन करते किसान

प्रदेश में समर्थ किसान पार्टी की सरकार बनती है तो किसानों, गरीबों एवं बेरोजगारों को उनका वाजिब हक दिया जाएगा। इसके बाद पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने डायट मैदान से जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी की। इस अवसर पर पार्टी नेताओं द्वारा जिला प्रशासन को महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में किसानों के निजी नलकूप का विद्युत बिल माफ करने, ग्राम अढौली ब्लॉक सरसवा में सिंचाई विभाग की लापरवाही से नहर के कटने से किसानों की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि के जलमग्न होने से हुए नुकसान का सिचाई विभाग द्वारा समुचित मुवावजा दिये जाने, मंझनपुर मुख्यालय से ग्राम बंबूपुर ब्लॉक सिराथू तक निमार्णाधीन सड़क के निर्माण में जारी अनियमितता की स्थलीय जांच कराने, आवारा पशुओं की समस्या से किसानों की फसलों के बचाव का समुचित प्रबंध कराए जाने एवं ग्रामीण अंचलों में प्राइवेट दूध डेयरियों द्वारा कम मूल्य पर किसानों से दूध क्रय किए जाने एवं देरी से भुगतान करने की कवायद पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने और किसानों को समय पर दूध का समुचित मूल्य दिलाए जाने जैसी मांगे शामिल थीं। इसके पूर्व शहीद दिवस के शुभ अवसर पर सभा में सरदार भगत सिंह,राजगुरु एवं सुखदेव सिंह की शहादत पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर सुशील जयहिंद एडवोकेट ने कहा कि देश की आजादी के लिए देशभक्तों ने अपनी जान कुर्बान की। उन्होंने आगे कहा कि सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु भारत माता के सच्चे सिपाही थे और देश की आजादी के लिए संघर्ष करते हुए शहीद हो गए। इस अवसर पर विजय शुक्ला, राधेश्याम चौधरी, प्रेमचन्द्र केसरवानी, अखिलेश पटेल, मनोज सोनी, अरविंद कुमार सरोज, शिव शंकर दुबे, जयलाल चौधरी , शिव सिंह पटेल, फूलचंद्र लोधी, जुम्मन अली सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## तियरा जमालपुर में लाखों का घोटाला

### विभागीय अधिकारी जानकर भी बने अनजान



**कौशाम्बी।** विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम पंचायत तियरा जमालपुर के वर्तमान ग्राम प्रधान को अभी प्रधान बने साल भी नहीं हुए उसने विभागीय अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर लाखों रुपए का घोटाला कर दिया है जिला प्रशासन जानकर भी अनजान बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक आपको बता दें कि यह ऐसी अनोखी ग्राम पंचायत है जिसका विकास कागजों पर हो रहा है स्थिति की जानकारी लेने पर इस प्रधान ने अभी कोई विकास नहीं किया बल्कि सरकारी खजाने से रकम निकालकर अपनी झोली भरने में लगा है। स्ट्रीट लाइट का लाखों रुपए गबन कर लिया है लेकिन पूरी ग्राम पंचायत में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है , योगी सरकार के विकास कार्यों के मंसूबों में पानी फेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है जिससे लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। फिलहाल लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराकर उचित कार्यवाही की मांग की है। अब देखना यह कि क्या आला अधिकारी मामले को संज्ञान में लेकर भ्रष्टाचारी प्रधान को बेनकाब करते हैं या फिर सब हवा हवाई ही साबित हो जायेगा या इसी तरह यह प्रधान योगी सरकार के द्वारा विकास कार्यों को कागज में दिखाकर अपनी झोली भरता रहेगा। यह अधिकारियों पर बहुत बड़ा सवाल है।

# आधा दर्जन से अधिक हरे पेड़ों को काटकर किया धराशाही

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मेंडवारा गांव में लकड़ी माफियाओं ने आधा दर्जन से अधिक हरा फलदार महुआ का पेड़ काटकर धराशाही कर दिया है। लकड़ी माफिया हरे पेड़ों को काटकर आरा मशीन पर पहुंचाकर उसके बदले मोटी रकम अर्जित कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही करे उसके पहले ही जिम्मेदार अधिकारियों तक लकड़ी माफियाओं के द्वारा मोटी रकम की गड्डी पहुंचा दी जाती है जिससे शिकायत के बावजूद लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध जिम्मेदार अधिकारी शिकंजा नही कसते हैं जिसके चलते लकड़ी माफिया बेखौफ तरीके से हरियाली को सफाचट करने में लगे हुए हैं और अधिकारियों की मिलीभगत से अपने काम को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। लगातार दो दिनों से मेंडवारा गांव में बेखौफ लकड़ी माफिया हरे पेड़ों पर इलेक्ट्रानिक मशीन एवं कुल्हाड़ी चलाकर हरे पेड़ों को धराशाही करने के बाद अवैध तरीके से संचालित हो रही क्षेत्रीय आरा मशीन पर


अवैध लकड़ी कटान

**शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही**

**मुंह बंद रखने के लिए लकड़ी माफिया के द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाई जाती है मोटी रकम की गड्डी**

ले जाकर बिक्री करते हैं जिसके एवज में भारी रकम अर्जित करते हैं। ग्रामीणों ने हरे पेड़ों की कटान को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत भी कराया लेकिन लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध सकारात्मक कार्यवाही नही हुई।

## अषाढा क्षेत्र में बेखौफ तरीके से हो रही है सरकारी हरे पेड़ों की कटाई

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत अषाढा पुलिस चौकी के आसपास अषाढा चौराहे से बैश कांटी जाने वाली सड़क पर सड़क के दोनो किनारे वन विभाग द्वारा लगाए गए पेड़ो को बीते एक महीने से बेखौफ लकड़ी माफिया काटकर उठा ले जा रहे हैं सड़क के सरकारी पेड़ के काटे जाने के मामले में वन विभाग के क्षेत्रीय वन दरोगा और स्थानीय पुलिस चौकी की भूमिका सवालों के घेरे में है आम जनता के पेड़ को काटते काटते वन माफियाओं का हौसला बुलंद हो गया वह सरकारी पेड़ को भी बेखौफ तरीके से काट रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बनकर अपने वसूली तक सीमित है योगी सरकार का पौधारोपण अभियान कैसे सफल होगा बताते चलें कि अषाढा चौराहे से बैशकाटी रोड पर सड़क के दोनो किनारे पर वन विभाग ने पौधारोपण किया था कई वर्षों पुराने पौधे पेड़ बनकर तैयार हो गए हैं देखते-देखते सैकड़ों पेड़ों को लकड़ी माफियाओं ने काट दिया है ग्रामीणों ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस और वन विभाग से की लेकिन पुलिस और वन विभाग के जिम्मेदार मूकदर्शक बने रहे सरकारी पेड़ काटे जाने के मामले में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को चौकी इंचार्ज और वन विभाग के अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग जनता ने की है।

## गायब बालिका को खोजने की फरियाद लेकर युवक पहुंचा एसपी कार्यालय

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के घासीपुर गांव से 19 मार्च को बंदना देवी पुत्री राजकरन को गांव के आदित्य नारायण की लड़की प्रीति बुलाकर अपने घर ले गई थी उसके बाद से बंदना देवी का कहीं पता नहीं चल रहा है बालिका के गायब हो जाने के बाद जब बंदना के भाई अनुज कुमार तिवारी ने 20 मार्च को आदित्य नारायण से अपनी बहन के बारे में जानकारी चाही तो बंदना के बारे में जानकारी देने के बजाय आदित्य नारायण उनके साथियों ने अनुज तिवारी पर हमला कर दिया लाठी-डंडे फरसा से बेरहमी से अनुज को पीटा गया जिससे अनुज कुमार को गंभीर चोटें आई हैं हमलावर पूर्व से तमाम बड़े अपराध के नामजद आरोपी हैं बताया जाता है कि आरोपियों ने पूर्व में भी हत्याएं की हैं अनुज कुमार तिवारी को आशंका है कि उसकी बहन वंदना देवी की हत्या आदित्य नारायण और उनके साथियों ने करके लाश गायब कर दी है आरोपियों द्वारा प्राणघातक हमला किए जाने के बाद अनुज कुमार तिवारी को लहूलुहान हालत में थाना पुलिस ने इलाज के लिए एंबुलेंस ने जिला अस्पताल भेजा जहां उसकी गंभीर हालत में इलाज किया गया घटना को 3 दिन बीत चुके हैं लेकिन प्राणघातक हमले का मुकदमा पुलिस ने नहीं दर्ज किया है इतना ही नहीं 4 दिन पूर्व से गायब बालिका को खोजने का प्रयास थाना पुलिस ने नहीं किया है जिससे पीड़ित परिजन न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

## परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन सम्पन्न कराना करे सुनिश्चित

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने यूपी बोर्ड परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में स्थापित कन्ट्रोल रूम का विधिवत निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी की क्रियाशीलता को सुनिश्चित कर लिया जाय तथा परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कंट्रोल रूम के अंदर अन्य अधिकारी व कंटोल रूम के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।


बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीएम

# हैंडपंप मरम्मत में करोड़ों खर्च के बाद 70 प्रतिशत हैंडपंप खराब

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** हैंडपंपों की मरम्मत का जिम्मा ग्राम पंचायतों को दिया गया है और ग्राम पंचायतों द्वारा हैंडपंप की मरम्मत के नाम पर सरकारी खजाने को चपत लगाई जा रही है फर्जी अभिलेखों के सहारे हैंडपंपों की मरम्मत का ढोंग हो रहा है प्रत्येक ग्राम पंचायत में दर्जनों हैंडपंप के नाम पर सरकारी खजाने से रकम निकाली जा चुकी है और हैंडपंप मरम्मत कराए जाने की औपचारिकता पूरी कर अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है जबकि सच्चाई यह है कि ग्राम पंचायतों में 70% से अधिक हैंडपंप वर्तमान में खराब हैं जिन हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई है वह हैंडपंप भी पानी नहीं उगल रहे हैं जिससे ग्रामीणों के सामने पानी की बिकराल समस्या उत्पन्न हो गई है लेकिन जिन हैंडपंप को फर्जी तरीके से मरम्मत करा दिया गया उसे दोबारा मरम्मत कराने के लिए अधिकारी तैयार नहीं है हैंडपंप मरम्मत के नाम पर जिले में करोड़ों का बजट निकाला जा चुका है लेकिन बून्द बून्द पानी को ग्रामीण परेशान है कुछ गांव में तो काफी दूर से पानी लाकर ग्रामीण प्यास बुझाते हैं छोटे-छोटे बच्चे भी बड़े बड़े बर्तनों में पानी लाने को मजबूर हैं लेकिन हैंडपंप मरम्मत के नाम पर जिले में हुए बड़े खेल में आला अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है जिससे उनकी

**विभागीय अधिकारी बने मूकदर्शक अधीनस्थों हो रहे है मालामाल**



संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता हैंडपंप मरम्मत में हुए करोड़ों रुपए के खेल के मामले में योगी सरकार ने जांच कराई तो खंड विकास कार्यालय से लेकर विकास भवन तक के जिम्मेदार दोषी साबित होंगे लेकिन क्या योगी सरकार में हैंडपंप मरम्मत के नाम पर हुए करोड़ों के खेल में निष्पक्ष जांच हो पाएगी और दोषी दंडित होंगे इस सवाल का जवाब आम जनता चाहती है इस बारे में मुख्य विकास अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी बात नहीं हो सकी।

## कौशाम्बी में आयुर्वेदिक चिकित्सालय को भूमि नही खोज पा रहा राजस्व विभाग

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के आमाकुंआ गांव में 1991 में आयुर्वेदिक चिकित्सालय किराये के भवन में खुला लेकिन आज तक यह अस्पताल उदासीनता का शिकार रहा लेकिन आज फिर एक बार शाशन से जमीन के लिए राजस्व विभाग को आदेशित किया गया लेकिन फिर राजस्व विभाग की उदासीनता के कारण तीसरी बार सरकार का पैसा वापस चला जाएगा। आप को बतादें कि कौशाम्बी खास जहाँ देश दुनिया के दर्जनों पर्यटक आतें है पर्यटकों को आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जा सके इस दृष्टि से 7 मार्च1991 को एक किराये के भवन में 4 बेड का अस्पताल खोला गया फिर 11 जनवरी 2006 में इसे नए किराये के भवन में पुनः शिफ्ट किया गया उसके बाद से आज तक उसी किराये के भवन में यह अस्पताल संचालित हो रहा है जिसके बाद प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर नफीस अहमद ने 27 जुलाई 2015 को शासन से स्थाई जमीन भवन की मांग किया लेकिन जिला प्रशासन ने ध्यान नही दिया वही फिर दूसरे प्रभारी चिकित्सक डॉ सन्तोष कुमार पांडेय ने पुनः शासन से मांग किया और सरकार ने धन भी भेजा लेकिन जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण धन वापस चला गया आज फिर जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी ने मामले को संज्ञान में लिया शाशन से मांग किया आज सरकार की तरफ से मिशन निदेशक यूपी राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ से आदेश जारी हुआ तो जिला प्रभारी ने डीएम व एस डीएम को लेटर भी दिया और जमीन उपलब्ध कराने की मांग किया वही अब राजस्व विभाग एक बार फिर से उदासीनता दिख रहा है जिससे क्षेत्र के लोगो मे चर्चा का विषय बना हुआ है

# चलौली गांव में सफाईकर्मी के न आने से लगा गंदगी का अम्बार

अखंड भारत संदेश

## विभागीय उपेक्षा से मजबूर गांव के लोग खुद कर रहे हैं नालियों की सफाई

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड चायल के चालौली गांव में सफाई कर्मचारी के गांव ना पहुंचने से गांव में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है नालियां चोक हो गई हैं जिस से दुर्गंध उठ रही है। नालियों से उठने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों का हाल खराब हो रहा है बार-बार शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी के कारनामे पर विभागीय अधिकारी रोक नहीं लगा सके हैं। जिससे ग्रामीणों में अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने काफी दिनों से सफाई कर्मी को गांव में देखा तक नहीं है। गांव में कूड़ा कई दिनों तक पड़ा रहता है नालियां गंदगी के कारण चोक हो गई हैं। आम दिनों में भी लोगों को भीषण गंदगी से जूझना पड़ रहा है। नालियों में बजबजा रही गंदगी से बीमारी का खतरा हमेशा बना रहता है। मजबूरी में ग्रामीण स्वयं सफाई करने को मजबूर हैं।ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी से शिकायत करने का भी कोई असर सफाई कर्मी पर नहीं हो रहा है।चायल ब्लाक के चलौली गांव में सफाई कर्मचारी मनोज और राजेश तैनात तो है लेकिन गांव वालों ने उसे सालों से दलित बस्ती की तरफ गांव की सफाई करते देखा ही नहीं है। जिससे


चलौली गांव में व्याप्त गंदगी का दृश्य

गांव में अव्यवस्था का आलम पसरा है। गांव में कूड़े के ढेर रास्तों पर लगे रहते हैं। कूड़ा फैलकर रास्तों से घरों में भी आ जाता है। नालियों का हाल भी काफी खराब है उनमें गंदगी बजबजा रही है। जिससे गंभीर बीमारी का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीण मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मंजीत कुमार, रतन, विनोद, सुनील, और बल्लू आदि का कहना है कि सफाईकर्मी सिर्फ त्योहार पर आता है। लेकिन इस होली पर भी दलित बस्ती की तरफ सफाई करने वह नही आया बल्कि सुनने में आया है की ग्राम प्रधान मैदान सिंह सफाई कर्मी को आने से मना कर देता है और उसके बाद लापता हो जाता है।उन लोगों को खुद से नालियों की सफाई करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान मैदान सिंह और सिग्रेट्री अमित सिंह से शिकायत किया मगर उन लोगों के कान पर जू नहीं रेंगी इससे लोगों में काफी रोष है।

# न्याय को तरस रही जेठ पति के प्रताड़ना से त्रस्त विवाहिता

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू की एक विवाहिता पुलिस से न्याय को तरस रही है लेकिन विवाहिता को पुलिस से न्याय नहीं मिल सका है जिस पर पीड़ित विवाहिता सिराथू ओवर ब्रिज से अपने दुधमुंहे बच्चे को फेंकने जा रही थी राहगीरों ने देखा तो शोर मचाते हुए महिला को पकड़ लिया और महिला को पकड़कर बच्चे समेत सैनी कोतवाली ले आए वहां महिला ने अपने पति अनेश कसेरा और जेठ संजय कुमार कसेरा सहित जेठानी ननंद नंदोई पर मारपीट प्रताड़ित करने की तहरीर दी है राजस्थान एंड से क्या ससुर ने अपने पुत्र अनेश संजय को अपनी संपत्ति से बेदखल करने की तहरीर पुलिस को दी है। हरदोई जनपद के शाहाबाद थाना क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता नैंसी कसेरा की शादी सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बा निवासी अनेश कुमार कसेरा के साथ 16 अप्रैल 2019 को हिंदू धर्म से संपन्न हुई थी लेकिन शादी के बाद से विवाहिता नैंसी कसेरा का उत्पीड़न उसके पति जेठ करने लगे विवाहिता का आरोप है कि उसका पति अनेश कुमार अपनी भाभी कल्पना के बहकावे में उसके साथ आए दिन मारपीट करता है विवाहिता नैंसी का आरोप है कि उसके साथ कई बार मारपीट की जा चुकी है विवाहिता का कहना है कि 19 मार्च होली के दिन भी उसके पति जेठ ने जेठानी ननंद नंदोई के साथ मिलकर मारा पीटा है ससुराली जनों की प्रताड़ना मारपीट से पीड़ित विवाहिता आज अपने दुधमुंहे बच्चे को रेलवे ओवरब्रिज से फेंकने जा रही थी जिसे ग्रामीणों ने बचा लिया है और विवाहिता को बच्चे समेत पुलिस के हवाले कर दिया है।

**ओवरब्रिज से बच्चे को फेंकने जा रही महिला को राहगीरों ने बचाया कोतवाली पुलिस के किया हवाले**





पौधारोपण की बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी


पौधारोपण की बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

# सीडीओ ने की वृक्षारोपण समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में वृक्षारोपण समिति जिला पर्यावरणीय समिति गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को वृक्षारोपण के सम्बन्ध में उन्हें आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये बैठक में सदस्य

**गंगा नदी के किनारे स्थित गांवो के लोगों को गोष्ठी का आयोजन कर गंगा की स्वच्छता के सम्बन्ध में करे जागरूक**

गंगा समिति विनय पण्डा द्वारा गंगाघाट की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने गुटखा एवं शैम्पू के रैपर फेकनें वालों तथा गुटखा खाकर थूंकने वालों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के अनुरोध पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी दारानगर कड़ाधाम को बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं कूड़ादान रखवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने निष्क्रिय शौचालयों को भी क्रियाशील कराने तथा गन्दगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि गंगा पखवाड़ा के दौरान गंगा नदी के किनारे स्थित गांवो के लोगों को गोष्ठी का आयोजन कर गंगा की स्वच्छता के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय।

# बाइक सवार हुआ दुर्घटनाग्रस्त

## हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने किया प्रयागराज रिफर

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के टाण्डा ग्राम सभा के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर पलट गया जानकारी के अनुसार अमित कुमार निर्मल उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र अमृत लाल निवासी दौलत पुर कसार कड़ा धाम प्लेटिना मोटरसाइकिल से अपने बहन को उसकी ससुराल खैरई खागा भेजने गया वापस लौटते समय टाण्डा ग्राम सभा के पास सड़क पर अनियंत्रित होकर वह गिर गया जिससे बाइक सवार गम्भीर घायल हो गया राहगीरों क्षेत्रीय पुलिस ने घायल को स्थानीय अस्पताल अझुवा में भर्ती कराया जहां युवक की गम्भीर स्थिति सिर में गहरी चोट को देखते हुए डॉक्टर ने प्रयागराज को रिफर किया है वहीं मौके पर परिजन भी पहुंच कर प्रयागराज के हॉस्पिटल में भर्ती कराया है लोगों के अनुसार युवक नशा किये हुए था।


दुर्घटना के बाद रोते बिलखते परिजन

## संपादकीय

# 'द कश्मीर फाईल्स' ने सच को उजागर किया

कोरोना महामारी का दौर हल्का हो जाने के बाद भारतीय फिल्म उद्योग जगत में भी हलचल दिखने लगी है। विगत दो वर्षो से कोई भी फिल्म थिएटर में रिलीज नहीं हो पा रही थी, अब सिनेमा जगत की रौनक लौट रही है। फिल्में बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही हैं, दर्शक भी सिनेमाघरों में वापस आने लगे हैं। 11 मार्च को देशभर के कुछ ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई द कश्मीर फाईल्स अब बहुत बड़ी फिल्म बन चुकी है। विश्वव्यापी प्रशंसा के साथ फिल्म ने कमाई का नया रिकॉर्ड भी बना लिया है। यह फिल्म कश्मीर में हिंदुओं पर हुए भीषणतम अत्याचारों की मार्मिक कहानी है। फिल्म ने एक ऐसा सच उजागर कर दिया है जिसे आज तक पूरी ताकत के साथ छुपाया जाता रहा है लेकिन कहा जाता है कि सत्य को बहुत दिनों तक छुपाया नहीं जा सकता। सत्य एक न दिन बाहर आ ही जाता है। इस फिल्म ने काम कर दिखाया है। विवेक अग्निहोत्री की इस फिल्म देखने के लिये पूरा देश सिनेमाघरों में उमड़ पड़ा है। फिल्म ने अपनी लागत से 20 गुना कमाई करने वाली फिल्म 'जय संतोषी मां' का रिकार्ड तोड़ दिया है। लेकिन वह फिल्म भी सिर्फ नौ दिनों में कमाई के 10 गुना कारोबार तक नहीं पहुंच पाई, यह फिल्म अब बहुत तेजी से लोकप्रियता का शिखर छू रही है। इस फिल्म ने दूसरी आने वाली फिल्मों पर भी दबाव बना दिया है। 'द कश्मीर फाईल्स' ने सिनेमा जगत के लिये एक लकीर खींच दी है। मीडिया की जो सेकुलर जमात इन हृदयविदारक घटनाओं पर मौन थी, उसे अब इस फिल्म और कश्मीर की घटनाओं की कहानी पर घंटों चर्चा करनी पड़ रही है। अब मीडिया कश्मीरी पंडितों के साथ घटी घटनाओं का सच खोज रहा है और उसे दिखाने का साहस भी जुटा पाया है। नहीं तो अभीतक यही धारणा थी कि कश्मीर में कुछ हुआ ही नहीं और सभी कश्मीरी पंडित अपनी स्वेच्छा से पलायन कर गये। लेकिन अब सच उजागर हो चुका है। फिल्म के दृश्यों को देखकर आंखों में आंसू भी आ रहे हैं और सवाल भी कि आखिर उस समय जो अत्याचार हो रहे थे, उस समय की सरकारों ने कार्रवाई क्यों नहीं की? आज 'द कश्मीर फाईल्स' का विरोध वही लोग विरोध कर रहे हैं जो लोग अबतक वहां के सच को छुपाते रहे हैं और अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकते रहे हैं। आज इस फिल्म को देशव्यापी जनसमर्थन मिल रहा है। फिल्म के माध्यम से राष्ट्रवाद की एक नयी बयार चल पड़ी है। बहुत से लोग पूरा का पूरा सिनेमाघर ही बुक कराकर लोगों को दिखाने के लिए ले जा रहे हैं। लोग पूरे परिवार के साथ यह फिल्म देख रहे हैं और पंडितों के कश्मीर से दर्दनाक पलायन के कारण को समझ रहे हैं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग समाज के हर वर्ग के लोग यह फिल्म देखने के लिए समय निकाल रहे हैं और दूसरे लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। एक प्रकार से यह फिल्म जनमानस की फिल्म बन गयी है, जिसे फिल्म इतिहास के पन्नों में हमेशा याद रखा जायेगा। फिल्म की लोकप्रियता ने सभी रिकार्ड तोड़ दिये हैं। कई राज्यों ने जनता को सच दिखाने के लिए फिल्म को को टैक्स फ्री कर दिया है। सेकुलर गैंग फिल्म को बिना देखे तिलमिला गया है। जब एक फिल्म देखकर यह गैंग तिलमिला गया है तो उससे यह साफ हो जाता है कि कश्मीर में पंडितों के साथ जो अत्याचार हुए थे।

# टीबी उन्मूलन पर देना होगा विशेष ध्यान



रमेश सर्राफ धमोरा

"टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं। यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदण्ड, कण्ठ, हड्डियों, अंतडियों आदि पर हमला कर सकते हैं। दुनिया में छह-सात करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं और हर वर्ष 25 से 30 लाख लोगों की इससे मौत हो जाती है। दुनिया में बीमरियों से मौत के 10 शीर्ष कारणों में टीबी को प्रमुख बताया गया है।


विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक टीबी रोग रिपोर्ट 2020 जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 के कारण दुनिया भर में टी.बी. से होने वाली मौतों में वृद्धि हो सकती है। भारत में अप्रैल 2020 में लॉकडाउन के समय क्षय रोग के मामलों में 85 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई"

टीबी एक संक्रामक बीमारी है। जो संक्रमित लोगों के खांसने, छींकने या थूकने से फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन यह शरीर के किसी भी हिस्से में फैल सकती है। इस बीमारी का इलाज तो है बशर्ते लोग नियमित रूप से दवा लें। हर वर्ष 24 मार्च को पूरे विश्व में टीबी दिवस मनाया जाता है। इस दिन टीबी यानि तपेदिक रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। भारत में बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजार रही है। देश में जब तक गरीबी दूर नहीं होगी तब तक टीबी पर पूर्णतया रोक नहीं लग पायेगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का बड़ा ढांचा कमजोर है और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा बीमारी का शुरूआती दौर में पता लगने में दिक्कत और सही इलाज का मिलना चुनौती बनी हुई है। विश्व में भारत पर टीबी का बोझ सबसे अधिक है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है। इसका उद्देश्य टीबी के नए मामलों में 95 प्रतिशत की कमी करना और टीबी से मृत्यु में 95 प्रतिशत की कमी लाना है। देश में जिन टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है उन्हें सरकार द्वारा 500 रुपए प्रतिमाह नगद सहायता के रूप में दिए जा रहें हैं।

टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं। यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदण्ड, कण्ठ, हड्डियों, अंतडियों आदि पर हमला कर सकते हैं। दुनिया में छह-सात करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं और हर वर्ष 25 से 30 लाख लोगों की इससे मौत हो जाती है। दुनिया में बीमरियों से मौत के 10 शीर्ष कारणों में टीबी को प्रमुख बताया गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक टीबी रोग रिपोर्ट 2020 जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 के कारण दुनिया भर में टी.बी. से होने वाली मौतों में वृद्धि हो सकती है। भारत में अप्रैल 2020 में लॉकडाउन के समय क्षय रोग के मामलों में 85 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विश्व में टी.बी. के वैश्विक मामलों का 44 प्रतिशत फिलीपींस, इंडोनेशिया और दक्षिण अफ्रीका में है। जबकि भारत, चीन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, फिलीपींस, नाइजीरिया, बांग्लादेश और रूस में टी.बी. के दो-तिहाई मामले दर्ज किये गए हैं।



विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट दशार्ती है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण टीबी के खिलाफ लड़ाई में वर्षों से दर्ज की जा रही प्रगति को एक बड़ा झटका लगा है। एक दशक से ज्यादा समय में पहली बार टीबी से होने वाली मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है। हाल ही में जारी रिपोर्ट दशार्ती है कि वर्ष 2019 की तुलना में 2020 में ज्यादा लोगों की मौत हुई है और अपेक्षाकृत कम लोगों में इस बीमारी का पता चल पाया है। रिपोर्ट के अनुसार टीबी के कारण पिछले वर्ष करीब 15 लाख लोगों की मौत हुई थी। इनमें से अधिकतर मौतें मुख्य रूप से उन 30 देशों में हुई हैं जहाँ टीबी एक बड़ी समस्या है। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अनुमान जताया है कि टीबी से पीड़ित लोगों और मृतक संख्या 2022 में और भी अधिक होने की आशंका है। 2019 में नए मरीजों की संख्या 71 लाख थी। लेकिन 2020 में 58 लाख नए मरीजों का ही पता चला। संगठन का अनुमान है कि फिलहाल टीबी के 41 लाख मरीज ऐसे हैं। जिन्हें या तो अपनी बीमारी के बारे में जानकारी नहीं है या फिर सरकारी एजेंसियों को इसकी सूचना नहीं है।

एक अनुमान के मुताबिक भारत में रोजाना करीब आठ सौ लोगों की मौत टीबी की वजह से हो जाती है। भारत में टीबी के करीब 10 प्रतिशत मामले बच्चों में हैं। लेकिन इसमें से केवल छह प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि भारत में टीबी के केवल 58 प्रतिशत मामले ही दर्ज होते हैं। एक तिहाई से ज्यादा मामले या तो दर्ज ही नहीं होते हैं या उनका इलाज नहीं हो पाता है। इसका बड़ा कारण यह है कि गैर सरकारी सेक्टर के अस्पतालों में टीबी को दर्ज किए जाने का अब तक कोई सिस्टम नहीं बना पाना है।

संगठन का ऐसा अनुमान है कि ऐसे तकरीबन दस लाख और टीबी मरीज देश में है जिन्हें पहचाना ही नहीं जा सका है। इसलिए माना यह जाना चाहिए कि हम 2025 तक टीबी को जड़ से मिटा देने की बात कर रहे हैं मगर वह इतना आसान नही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि भारत टीबी से निपटने को लेकर गंभीर नहीं है। अपनी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट में उसने हमारे आंकड़ों पर भी सवाल उठाया है। उसके मुताबिक भारत ने टीबी के जितने मामले बताए हैं। वास्तव में मरीज उससे कहीं ज्यादा रहे हैं। भारत के गलत आंकड़ों की वजह से इस रोग का विश्वस्तरीय आकलन सही ढंग से नहीं हो पाया है। पिछले कुछ समय से टीबी के कई नए रूप सामने आ गए हैं। कई मानसिक बीमारियां टीबी का बड़ा कारण बनकर उभरी हैं। इस बीमारी को लेकर हमे नजरिया बदलने की जरूरत है। सरकार को परम्परागत तौर-तरीके से बाहर निकलना होगा। टीबी से निपटने के लिए सरकार को निजी क्षेत्र के साथ मिलकर व्यापक योजना बनानी होगी। कुछ वर्षों पूर्व तक टीबी की बीमारी को लाईलाज रोग माना जाता था। टीबी के मरीजो को घर से अलग रखा जाता था व उससे अछूत जैसा व्यवहार किया जाता था। मगर अब टीबी की बीमारी का देश में पर्याप्त उपचार व दवा उपलब्ध है। टीबी के रोगियों द्वारा नियमित दवा के सेवन से नो माह में ही टीबी का रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है। सरकार को टीबी रोग की प्रभावी रोकथाम के लिये बजट में स्वास्थ्य सुविधओं के विस्तार के लिये और अधिक राशि का प्रावधान करना होगा। टीबी के प्रति लोगों को सचेत करने के लिये देश भर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम चलाने होंगे। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्रो की संख्या बढ़ाकर ही टीबी पर काबू पाया जा सकता है। टीबी का संबंध पोषण से जुड़ा रहता है। भूखे पेट रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। इसलिए टीबी की बीमारी के शिकार गरीब तबके के लोग ज्यादा होते हैं। पोषण से मतलब संतुलित भोजन से माना जाना चाहिए। इसलिए यहां पर केवल टीबी का इलाज मुहैया करा भर देने से टीबी का खात्मा संभव नहीं है।

यह तब मुमकिन होगा जबकि देश में लोगों को रोग प्रतिरोधक ताकत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार भी मिले। विशेषज्ञों के मुताबिक सरकार को इस क्षेत्र में एक ठोस अभियान शुरू करना होगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इस जानलेवा बीमारी पर काबू पाने की राह में पैसों की कमी आड़े नहीं आए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इससे मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होगी।

सरकार ने टीबी को मिटाने के लिये जो प्रतिबद्धता जतायी है उस पर तुरन्त अमल करने की जरूरत है। तभी विश्व क्षयरोग दिवस 2022 की थीम टीबी को खत्म करने के लिए निवेश करें।

## कविता

चेहरे की कालिख कैसे दिखाओगे।
हवा में जहर
मन में विषैला पन
आखिर क्या है इसकी परिणति
और भविष्य,
करोना की विभीषिका,
लाखों बच्चों बुजुर्गों की
कर दी खत्म इह लीला,
प्रकृति की अनुपम देन
जल,वायु और हरियाली
हमने मलिन इरादों से
कर दी मटिया मेट ,
मन में संताप,बैर, ईर्ष्या
लोभ, कामना, वासना,
भविष्य में आने वाले
नन्हों, नौनिहालों को
सौगात में देते दिल में
छेद,
मन में मानसिक विकृति,
उन्हें वंचित करते
खुली हवा में जीने की
उन्मुक्तता,
कभी स्वच्छ हवा में
कभी मन में,
भरते विषैला पन,
करोना, विषैला धुआं,
पुनश्च कमी पूरी करता
बारूदो और गोलियों का
रक्तिम अभिशाप।

संजीव ठाकुर

## राजनीतिक चक्रव्यूह में फंसे इमरान खान

सुरेश हिन्दुस्थानी

**क्रिकेटर** से राजनीति में पदार्पण करने वाले इमरान खान अभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हैं लेकिन वे अपना कार्यकाल पूरा कर पाएंगे, इसकी उम्मीद बहुत कम है। इसका कारण यही है कि वे ऐसे राजनीतिक चक्रव्यूह में घिरते दिखाई दे रहे हैं, जहां से निकलने का कोई मार्ग दिखाई नहीं दे रहा है। यह कहा जाए कि उनके निकलने के सारे मार्ग बंद हो चुके हैं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। क्योंकि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के कुछ सांसदों के अलावा दो बड़े राजनीतिक दल इमरान खान के विरोध में पहले से ज्यादा मुखर हैं। इस जबरदस्त विरोध के चलते अब पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की कुर्सी खतरे में आ गई है। संभावना इस बात की भी बनने लगी है कि इमरान खान या तो स्वयं ही कुर्सी से उतर जाएंगे या फिर जबरदस्ती उतार दिए जाएंगे। ऐसी में इमरान खान की स्थिति एक तरफ कुआं तो दूसरी तरफ खाई वाली होती जा रही है। पाकिस्तान के बारे में यह स्पष्ट मान्यता है कि वहां सरकार के अलावा सेना और आईएसआई शक्तिशाली संस्थान हैं। इसलिए किसी भी सरकार द्वारा इन दोनों की कतई उपेक्षा नहीं की जा सकती। समझा जाता है कि इमरान खान सेना और आईएसआई के समर्थन के चलते ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन सके थे। अब इमरान खान का इन दोनों से छत्तीस का आंकड़ा है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से यही कहा जा रहा है कि अब पाकिस्तान की राजनीतिक स्थितियां इमरान खान के अनुकूल नहीं हैं। वैसे भी यह पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि अब तक कोई भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है। इमरान खान के पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ को पनामा प्रकरण में दोषी करार देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने अयोग्य घोषित कर दिया था और इसके बाद नवाज शरीफ को इस्तीफा देना पड़ा था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने और कार्यकाल पूरा होने से पहले ही पदच्युत होने का मामला केवल नवाज शरीफ तक सीमित नहीं है। इसके पूर्व भी पाकिस्तान ने ऐसी ही स्थितियों का सामना किया है। लियाकत अली खान पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री थे। मुस्लिम लीग के लियाकत अली खान की अक्टूबर 1951 में गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। उसके बाद ख्वाजा नाजीमुद्दीन ने सत्ता संभाली। बमुश्किल दो साल ही इस कुर्सी पर थे, तब तक गवर्नर जनरल ने उन्हें पद से हटा दिया। उनके बाद मोहम्मद अली बोगला ने सत्ता का संचालन किया, परंतु वह भी कुछ ही महीनों के ही मेहमान रहे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के समक्ष एक और बड़ी परेशानी यह भी है कि वर्तमान में पाकिस्तान बहुत बड़े आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जिसके लिए पाकिस्तान की जनता सीधे तौर पर प्रधानमंत्री इमरान खान को जिम्मेदार मान रही है। कोरोना संक्रमण के समय उत्पन्न हुई स्थितियों के चलते जिस प्रकार से महंगाई बढ़ी थी।

## विचार

## टीबी के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य

किशन भावनानी

**मानव** जीवन को सृष्टि में बचाए रखने, आयु सीमा बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तरपर कई महामारियों, बीमारियों, संक्रमण बीमारियों से सभी देश एक साथ मिलकर गंभीरता से रेखांकित कर जांबाजी, जज्बे, संकल्प से जनजागरण आंदोलन चलाकर वैश्विक स्तरपर मनीषियों को जागृत करना होगा तथा अपने अपने देशों की सरकारों को जांच, इलाज, टीकाकरण में गंभीरता से सहयोग देना होगा तभी हम ईश्वर अल्लाह द्वारा बनाई इस अनमोल सृष्टि में मानव जीवन की रक्षा और आयु सीमा बढ़ाने के प्रयास में सफल होंगें। जनजागरण के लिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संकलित की गई है।

साथियों बात अगर हम टीबी रोग दिवस 24 मार्च 2022 को मनाने की करें तो यह दिन, विश्व टीबी दिवस के तौर पर जाना जाता है। इस दिन प्रतिवर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यूएचओ) के तत्वाधान में पूरे विश्व में टीबी से संबंधित कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिसका उद्देश्य इस वैश्विक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे खत्म करना है। 1882 में 24 मार्च के दिन जर्मन फिजिशियन एवं माइक्रोबायोलॉजिस्ट रॉबर्ट कोच ने इस जानलेवा बीमारी के कारक बैक्टीरिया के पहचान करने की पुष्टि की थी, जिसके फलस्वरूप टीबी के निदान और इलाज में बड़ी मदद मिली। साधारण भाषा में टीबी को हम क्षयरोग अथवा तपेदिक के नाम से जानते हैं। विश्व टीबी दिवस, हर वर्ष एक विशेष थीम के साथ आयोजित किया जाता है एवं वर्ष 2022 के लिए इसकी थीम टीबी को समाप्त करने निवेश करें- जीवन बचाएं, रखी गई है। साथियों बात अगर हम टीबी संक्रमण रोग के उन्मूलन लक्ष्य की करें तो, जहां एक ओर दुनिया ने वर्ष 2030 को इस जानलेवा बीमारी टीबी के पूर्ण उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है, वहीं भारत का संकल्प वर्ष 2025 तक इस उद्देश्य को हासिल करने का है। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्वभर में हर दिन औसतन 4 हजार लोगों की मौत सिर्फ इस जानलेवा बीमारी के चलते हो जाती है। भारत इस बीमारी से सर्वाधिक प्रभावित एशियाई देश रहा हैं। साथियों बात अगर हम टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम को कोविड-19 महामारी द्वारा क्षति पहुंचाने और उसे उस संबंधित थीम रखी गई है क्योंकि, टीबी के खिलाफ लड़ाई को बढ़ाने और वैश्विक नेताओं द्वारा की गई टीबी को समाप्त करने की प्रतिबद्धताओं को हासिल करने के लिए संसाधनों का निवेश करने की तत्काल आवश्यकता को व्यक्त करता है यह विशेष रूप से कोविड -19 महामारी के संदर्भ में महत्वपूर्ण है जिसने टीबी की प्रगति को खतरे में डाल दिया है अधिक निवेश से लाखों और लोगों की जान बच सकती है, जिससे टीबी महामारी को पूरी तरह से खत्म करने के प्रयासों में तेजी आएगी। हालांकि एक रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 महामारी ने टीबी को समाप्त करने की लड़ाई में वर्षों की प्रगति पर असर डाला है एक दशक में पहली बार, 2020 में टीबी से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई। वैश्विक ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष एक दिन विश्व टीबी डे मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम संक्रमण रोग टीबी को गंभीरतासे रेखांकित करने की करें तो, टीबी अर्थात ट्यूबरक्लोसिस एक संक्रामक रोग होता है, जो बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया शरीर के सभी अंगों में प्रवेश कर जाता है। जब हम सांस लेते हैं, खांसते या छींकते है तो उसके बैक्टिरिया काफी समय तक हवा में मौजूदग रहते हैं।इन्हीं बैक्टिरिया के कारण टीबी का रोग होता है। यह बैक्टिरिया हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देते हैं। जिसके कारण टीबी का मरीज कमजोर होता जाता है। टीबी का बैक्टिरिया ज्यादातर फेफड़ों में ही पाया जाता है। मगर इसके अलावा आंतों, मस्तिष्क, हड्डियों, जोड़ों, गुर्दे, त्वचा तथा हृदय भी टीबी से ग्रसित हो सकते हैं। क्षयरोग को कई नामों से जाना जाता है जैसे टीबी तपेदिक, ट्यूबरकुलासिस, राजयक्ष्मा, दण्डाणु इत्यादि नामों से जाना जाता है।

## चिंतन

## समर्पित हैं हम, दिखावे को !

अशोक सोनी

**एक** छोटी सी कहानी सुनाता हूं, एक गांव में गिरधारी लाल नामक व्यक्ति था। घर में आम तंगी ही रहती थी पर गिरधारी को दिखावे की लत थी। संयोग से किसी व्यक्तिविशेष का रिश्ता करवा दिया तो उन्होंने शादी पर गिरधारी को सोने का कड़ा भेंट कर दिया। गिरधारी अतिउत्साहित हो गया, उसने सोचा कि गांव में सभी उससे कड़े के बारे में पूछें और फिर वह बताए कि सोने का है। जबरदस्त सर्दी का दिन था पर गिरधारी आधी बाजू का कुर्ता पहनकर चौपाल में, गांव वालों के साथ गप्पें मारने के लिए पहुंच गया, क्योंकि कड़ा भी तो दिखाना था, बार-बार कड़े वाला हाथ, धक्के से हिला-हिलाकर बात करने पर भी, बुरी किस्मत किसी ने कड़े के बारे में न पूछा, उल्टा सर्दी भी लग गई। अब करे भी तो क्या करे, पर गिरधारी कहां हार मानने वाला था। तेल छिड़क सारे घर को आग लगा दी। सभी गांव वाले दौड़कर आऐ। बड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। अब सभी गांव वासियों के बीच, गांव के मुखिया बुजुर्ग शोपतराम ने गिरधारी से पूछा, "गिरधारी कुछ बचा है, या सबकुछ ही जल गया"? गिरधारी की तो बांछे खिल गईं, खुशी छुपाता हुआ बोला, "काका और तो सबकुछ जल गया, बस ये कड़ा बचा है, सोने का है , एक तोले का"। मूर्खों के सरताज गिरधारीलाल के चेहरे पर विजयी भाव था। ये तो बात थी, गिरधारी की पर जरा सोचिए क्या हम सभी में भी, किसी कोने में, गिरधारी तो नहीं बैठा ? जी हां किसी शायर ने बिल्कुल ठीक कहा है, 'बदनाम गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी था, हर शाख पे उल्लू बैठा है, अंजामे गुलिस्तां क्या होगा'। हम सभी भी कहां कम गुजारते हैं। दिखावे हेतु ही अपने सामर्थ्य से बाहर जाकर, महंगे घर बनाते हैं, महंगी गाड़ियां लाते हैं, शादियों पर अनावश्यक खर्च करते हैं, महंगे मोबाईल, महंगे ब्रांडेड कपड़े-जूते, बस क्या बताऊं, बहुत लंबी सूची है। दरअसल ये हमारी छिपी हीनभावना ही होती है कि हम देखा-देखी ही अनावश्यक खर्च कर, खुद का अनमोल जीवन दिखावे के कारण, मासिक किश्तें भरने हेतु ही गिरवी रख देते हैं। कर्मचारी जहां तनख्वाह पक्की समझ, इस महाजाल में फंस जाता है, वहीं कुछेक किसान अच्छी कच्ची फसल देख, तो व्यापारी वर्ग पिछले फायदे देख। औकात से बढ़कर खरीदी हुई वस्तु, हम सिर्फ संभाल ही सकते हैं।
, उसे प्रयोग नहीं कर सकते, वहीं किश्तों पर खरीदी वस्तु, तो खत्म हो जाती है, पर किश्तें फिर भी चलती रहती हैं। सरकारी विभागों में दिखावे की प्रवृति ज्यादातर, पदानुसार बढ़ते क्रम में होती है, जहां बार-बार अपने पद का दिखावा करने हेतु, जबरदस्त अभिनय निरंतर जारी रहता है तो वहीं बड़े-बड़े राजनेताओं, अभिनेताओं, व खिलाड़ियों, लेखकों, पत्रकारों में तो गिरधारी के साक्षात दर्शन कई बार शरेआम ही हो जाते हैं। हम दिखावे के लिए ही, अपना कितना बेशकीमती समय बर्बाद कर देते हैं।

## वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स 2022-हम इतने नाखुश क्यों?

डॉ. अजय कुमार मिश्रा

शुक्र है खुशियों को भी मापने का मानक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है अन्यथा दुनियां को यह पता ही नहीं चल पाता की सबसे अधिक खुशहाल और नाखुश किस देश के लोग है ` सयुंक्त राष्ट्र के वार्षिक सूचकांक की वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2022 अब पूरी दुनियां के सामने है। खुशहाल और नाखुश देशों की रैंकिंग से आप कई बातों का न केवल अंदाजा लगा सकते है, बल्कि इस बात को भी समझ सकतें हैं कि इस रैंकिंग की उपयोगिता कितनी है। विगत 10 वर्षो से यह रैंकिंग जारी की जा रही है। इस रैंकिंग की शुरूआत वर्ष 2012 में की गयी थी। तकरीबन 150 देशों के लोगों को इस रैंकिंग के सर्वे में शामिल किया जाता है। इसके मूल्यांकन करने का आधार है1. प्रति व्यक्ति वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2. सामाजिक समर्थन 3. स्वस्थ्य जीवन प्रत्याशा 4. जीवन विकल्प चुनने की आजादी 5. उदारता और 6. भ्रष्टाचार की धारणा` यानि की इन पहलुओं के जरियें यह जानने का प्रयास किया जाता है की किस देश के लोग कितने खुशहाल है। वर्ष 2022 की जारी की गयी रैंकिंग में सबसे खुशहाल देशों की श्रेणी में प्रथम स्थान पर फिनलैंड है। प्रथम स्थान पर इसे आने के पीछे मुख्य कारण यह है कि-यह देश विशाल जंगलों और झीलों का देश स्वस्थ जीवन, प्रति व्यक्ति आय, मुसीबत के समय सामाजिक समर्थन, कम भ्रष्टाचार, सोशल ट्रस्ट, समुदाय में उदारता और जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने की स्वतंत्रता के लिए दुनियां भर में जाना जाता है। दूसरे स्थान पर डेनमार्क, तीसरे स्थान पर आइसलैंड, चौथे स्थान पर स्विट्जरलैंड और पाँचवे स्थान पर नीदरलैंड्स है। यदि हम विश्व के पांच सबसे शक्तिशाली देशों की बात करें तो उनकी वर्ल्ड हैप्पीनेस रैंकिंग कुछ इस प्रकार है यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका 16वें स्थान पर, चाइना 72वें स्थान पर, रूस 80वें स्थान पर जर्मनी 14वें स्थान पर ।

## रूस के पावेल पोंकरातोव नें जीता गुवाहाटी ग्रांड मास्टर शतरंज का खिताब

**गुवाहाटी।** नॉर्थ ईस्ट में पहली बार सम्पन्न हुए गुवाहाटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का खिताब रोमांचक फाइनल मुक़ाबले में रूस के टॉप सीड पावेल पोंकरातोव नें जीत लिया उन्होने सबसे आगे चल रहे खिताब के प्रबल दावेदार परागुए के डेलगाड़ो रेमरीज़ को एक मुश्किल मुक़ाबले में पराजित करते हुए पहला स्थान हासिल किया । पहले बोर्ड पर अंतिम राउंड में काले मोहरो से खेल रहे पावेल पोंकरातोव नें सिसिलियन ड्रैगन ओपनिंग में बेहतर हाथी के एंडगेम में 56 चालों में बाजी अपने नाम की और 8.5 अंक बनाकर सबसे आगे निकल गए हालांकि दूसरे बोर्ड पर मिश्र के फावजी अधम नें भी भारत के सीआरजी कृष्णा को पराजित करते हुए 8.5 अंक बनाए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर पावेल पहले और वह दूसरे स्थान पर रहे । भारत के एस नितिन तीसरे स्थान पर रहे उन्होने अंतिम राउंड में हमवतन के रत्नाकरण को मात देते दी तो भारत के पूर्व राष्ट्रीय जूनियर चैम्पियन आराध्य गर्ग नें हमवतन शायांतन दास को हराकर ना सिर्फ चौंथा स्थान हासिल किया बल्कि अपना आखिरी इंटरनेशनल मास्टर नार्म भी हासिल कर लिया ,अब आराध्य को इंटरनेशनल मास्टर बनने के लिए अपनी फीडे रेटिंग को 2400 करने की औपचारकिता पूरी करनी है और उसके बाद वह भारत के अगले इंटरनेशनल मास्टर बन जाएँगे ।महिला वर्ग में भारत के सिरजा शेषाद्री 6.5 अंक बनाकर पहले तो कोलोम्बिया की एंजेला फ़्रांकों 6.5 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर दूसरे स्थान पर रही ।



## जूनियर विश्व कप में उपयोगी साबित होगा FIH प्रो लीग का अनुभव : सलीमा टेटे

**भुवनेश्वर।** भारतीय कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग 2022 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाले कई युवाओं को इस अनुभव का फायदा जूनियर महिला विश्व कप में मिलेगा। अक्षता अबासो धेकाले, दीपिका, संगीता कुमारी और बिछू देवी खारीबाम ने एफआईएच प्रो लीग में सीनियर टीम में पदार्पण किया था। सलीमा ने कहा कि हमने सीनियर टीम के साथ एक अभ्यास मैच खेला जिससे काफी मदद मिली। टीम के कई खिलाडिय़ों को भी एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पदार्पण का मौका मिला। सलीमा ने कहा कि हमने इसका पूरा फायदा उठाकर तैयारी की। अभ्यास सत्र भी बहुत अच्छे रहे और सभी ने टीम को तैयार करने में काफी मदद की। जूनियर विश्व कप एक अप्रैल से दक्षिण अफ्रीका के पोशेफस्ट्रूम में खेला जाएगा। भारत को 2 अप्रैल को पहले मैच में वेल्स से खेलना है। सलीमा ने कहा कि कप्तान के तौर पर मैं हर खिलाड़ी के लिए जरूरत के समय उपलब्ध रहूंगी। मैं अच्छे संयोजन भी बनाना चाहूंगी। सीनियर खिलाडिय़ों के साथ मिलकर रणनीति तय की जाएगा। मेरा काम टीम को साथ लेकर चलना है। भारत को पूल डी में जर्मनी, मलेशिया और वेल्स के साथ रखा गया है। भारत को तीन अप्रैल को जर्मनी से और 5 अप्रैल को मलेशिया से खेलना है।



## पसली की हड्डी में चोट के कारण नडाल छह सप्ताह के लिए खेल से बाहर

**इंडियन वेल्स।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ मैच से पहले पसली में गंभीर चोट का सामना करना पड़ा। 'कैडेना सेर' ने नडाल के हवाले से कहा कि यह अच्छी खबर नहीं है और मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी।

मैं काफी निराश और दुखी हूं क्योंकि सत्र की अच्छी शुरुआत के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। उन्होने कहा कि मुझे धैर्य रखना होगा और ठीक होने के बाद कड़ी मेहनत करनी होगी। रविवार को इंडियन वेल्स में टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ मैच के दौरान नडाल सहज नजर नहीं है और उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी। उन्हें मैच के दौरान कई बार अपने सीने को हाथ से रगड़ते हुए देखा गया था।

# आईसीसी रैंकिंग : स्मृति मंधाना और भाटिया आगे बढ़ी, मिताली खिसकी

**दुबई।** भारत की स्मृति मंधाना और यास्तिका भाटिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे में खिलाड़ियों की नवीनतम विश्व रैंकिंग में क्रमशः 10वें और 39वें स्थान पर पहुंच गईं, लेकिन कप्तान मिताली राज आठवें स्थान पर खिसक गई हैं। न्यूजीलैंड में चल रहे आईसीसी महिला विश्व कप में भारत के पिछ्ले तीन मैचों में 35, 10 और 30 रन की पारियां खेलने वाली स्टार सलामी बल्लेबाज मंधाना एक स्थान ऊपर चढ़कर 663 की रेटिंग के साथ शीर्ष 10 में पहुंच गईं।

भाटिया ने इस बीच प्रभावशाली प्रदर्शन किया जिससे वह जारी रैंकिंग में आठ पायदान ऊपर 39वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने भारत के पिछ्ले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाए थे। पिछ्ले दो सप्ताह में पांच स्थान खिसकने वाली मिताली एक और स्थान नीचे लुढ़क गई है और अब न्यूजीलैंड की एमी सैटरथवेट के साथ संयुक्त आठवें स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 68 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए लेकिन मंगलवार को बांग्लादेश पर भारत की 110 रन की जीत के दौरान





वह खाता भी नहीं खोल सकी। ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली (730 अंक) अब भी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं, लेकिन उन्हें अपनी साथी खिलाड़ियों से ही चुनौती मिल रही है। बेथ मूनी 725 रेटिंग अंक के साथ दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उनके अलावा मेग लैनिंग (715) और राचेल हेन्स (712) भी क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट दो पायदान आगे तीसरे नंबर पर काबिज हो गई हैं।

गेंदबाजों की सूची में भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर 13 पायदान ऊपर चढ़कर 56वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि अनुभवी झूलन गोस्वामी एक पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गई हैं। गोस्वामी हालांकि अपनी बल्लेबाजी के दम पर ऑलराउंडरों की सूची में नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि पिछ्ले दो मैचों में नहीं खेलने वाली दीप्ति शर्मा दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गई हैं। गेंदबाजों की सूची में इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन (773 अंक) शीर्ष पर काबिज हैं, जबकि उनकी साथी जेस जोनासेन (726) दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल, मारिजाने कैप और अयाबोंगा खाका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं।

## आईपीएल सबसे बढ़िया फिजियोथेरेपिस्ट, नीलामी से पहले सभी को कर देता है फिट : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में काम करता है और इसमें चोटिल खिलाडिय़ों को लीग के लिए समय पर फिट करने की गजब क्षमता है। शास्त्री ने अपने अनोखे अंदाज में इस बात को कहा लेकिन क्रिकेट बिरादरी के अंदर और बाहर के लोग पहले से ही ऐसा महसूस करते है।

शास्त्री ने कहा कि आईपीएल दुनिया की सबसे सर्वश्रेष्ठ लीग में से एक है, और यह दुनिया के सबसे महान फिजियो में से एक है, क्योंकि आईपीएल नीलामी से पहले हर कोई फिट होना चाहता है, हर कोई आईपीएल में खेलना चाहता है। इस लीग का 15वां सत्र शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा।भारतीय क्रिकेट टीम के कोच रहे शास्त्री सात साल के बाद कमेंट्री में वापसी कर रहे है। उन्होंने कहा कि एक खराब नियम से बंधे होने





के कारण वह कमेंट्री नहीं कर सक रहे थे। शास्त्री के साथ सुरेश रैना भी आईपीएल के दौरान स्टार स्पोर्ट्स के लिए कमेंट्री करते हुए दिखेंगे। आईपीएल की शुरुआत से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे सुरेश रैना ने कहा कि हरफनमौला रविन्द्र जडेजा भविष्य में दिग्गज महेन्द्र सिंह धोनी की जगह टीम की कमान संभाल सकते है। उन्होंने कहा कि टीम में रायुडू, डीजे ब्रावो जैसे अनुभवी है, क्रिकेट को लेकर जडेजा का दिमाग काफी तेज है।

## चाहता हूं कि मेरी टीम पिच पर बहादुर रवैया अपनाए : इगोर स्टिमैक

**नई दिल्ली।** बहरीन और बेलारूस के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में भारत के अभियान की शुरुआत से पहले भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक का मानना है कि उनके लड़के बुधवार को मेजबान बहरीन के खिलाफ मैच में बहादुर रवैया अपनाना जारी रखेंगे। स्टिमैक ने मैत्री मैचों से पहले सोमवार को घोषित 25 सदस्यीय भारतीय टीम में सात नए चेहरों प्रभसुखन गिल, होर्मिपम रुइवा, अनवर अली, रोशन सिंह, वीपी सुहैर, दानिश फारूक और अनिकेत यादव को शामिल किया है। चयन को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपने खिलाडिय़ों को अच्छे विरोधियों के खिलाफ खेलने का मौका देना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि कल जब वे मैदान पर होंगे तो एक बहादुर रवैया अपनाएंगे। मैं कुछ नए चेहरों के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रारंभिक प्लेइंग इलेवन (एकादश) चुनने की कोशिश करूंगा। मैं यह देखना चाहता हूं कि वे उच्च रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं, जिससे वह बाद में जून में होने वाले क्वालीफायर के लिए उनका आकलन कर सकते हैं। स्टिमैक ने टीम के चयन के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह काफी मुश्किल सीजन रहा है, लेकिन साथ ही यह रोमांचक भी था। मुझे यह सुनिश्चित करना था कि इस सीजन हीरो आईएसएल में खेलने वाले आधे भारतीय खिलाड़ी मेरी सूची में हों। कुछ और खिलाड़ी भी थे, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन चोटों के कारण मैं उन्हें यहां बुलाने का जोखिम नहीं उठाना चाहता था। सुनील छेत्री चोट के कारण दोनों मैत्री मैचों से बाहर हो गए हैं, लेकिन कोच स्टिमैक को लगता है कि युवा खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का यह सबसे अच्छा समय है।

## लखनऊ टीम के मेंटोर गंभीर ने कहा- टीम में कप्तानी के साथ राहुल पर होगी यह जिम्मेदारी

**नई दिल्ली ।** लखनऊ सुपरजाइंट्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) गौतम गंभीर ने कहा कि टीम को ऐसे लोकेश राहुल की जरूरत होगी जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कप्तानी के साथ बल्लेबाजी करने की जगह बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान देते हुए टीम का नेतृत्व करे। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए दो खिताबों के साथ आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक गंभीर ने राहुल के नेतृत्व पर बात की। कप्तान के तौर पर राहुल से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने कहा कि कप्तान ही टीम का ध्वजवाहक होता है और इसलिए राहुल ही मैदान के अंदर और बाहर लखनऊ सुपरजाइंट्स का नेतृत्व करेंगे। मेरे लिए लोकेश राहुल का बेहतर बल्लेबाज होना जरूरी है, जो टीम की कमान संभाले ना की ऐसा कप्तान जो बल्लेबाजी करें।





मुझे उम्मीद है मैं आपको अपनी बातों के अंतर को समझाने में सफल रहा हूं। गंभीर ने कहा कि वह चाहते हैं कि राहुल बेखौफ खेले और इसके लिये उसे पूरी आजादी मिलेगी। हर कप्तान को जोखिम लेना सीखना होगा। मैं चाहूंगा कि वह जोखिम ले क्योंकि जब तक ऐसा नहीं करेगा, उसे पता नहीं चला कि वह सफल हुआ या नहीं। टीम के पास क्विंटन डिकॉक के रूप में विकेटकीपर है तो उस पर विकेटकीपिंग की भी जिम्मेदारी नहीं है। वह इत्मीनान से बल्लेबाजी और कप्तानी पर फोकस कर सकता है।

## शाहीन अफरीदी महान गेंदबाज, मैं उनसे बहुत कुछ सीखता हूं: पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच

**कराची।** पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच शॉन टैट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में अपनी टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। टैट एक साल तक पाकिस्तान के साथ रहेंगे और वह पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी यूनिट के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के शानदार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी भी उन्हें बहुत कुछ 'सीखा' रहे हैं।

टैट ने दूसरे दिन की शुरुआत से पहले पाकिस्तान क्रिकेट से कहा, एक गेंदबाजी समूह के रूप में, हमने पांच विकेट लिए और अच्छी बल्लेबाजी की स्थिति में अर्थव्यवस्था दर को नियंत्रण में रखा, जो बहुत अच्छा है। शाहीन एक महान गेंदबाज हैं और बहुत सारे सवाल पूछते हैं। अब तक, मैंने उसके साथ अपने समय का आनंद लिया है और वास्तव में मैंने उससे बहुत कुछ सीखा है। वह अपनी उम्र के हिसाब से बहुत परिपक्व और कुशल हैं। उन्होंने कल पारंपरिक और रिवर्स स्विंग दोनों हासिल कर यह कर दिखाया। उन्होंने दिन के अंत में कुछ महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए और उम्मीद है कि आज सुबह के सत्र में उन्हें और विकेट मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सभी प्रारूपों की श्रृंखला से पहले पूर्व तेज गेंदबाज को पिछ्ले महीने पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। ऑस्ट्रेलिया 1998/99 सीजन के बाद पहली बार पाकिस्तान में है और अब तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं जो वर्तमान में 0-0 से बराबरी पर है।



टेस्ट सीरीज के बाद तीन वनडे और एक टी20 मैच खेला जाएगा। गौर हो कि दो ड्रा हुए टेस्ट मैचों के दौरान पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने बल्लेबाजों के अनुकूल, धीमी सतहों पर केवल आठ विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज कमिंस, मिशेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन नौ विकेट के साथ पाकिस्तान से ठीक आगे हैं।

# आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया तो मिल सकती है टी20 विश्व कप टीम में जगह : शुभमन गिल

**मुंबई।** शुभमन गिल आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस के लिए खेलेंगे और वह आगामी सीजन को आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के अवसर के रूप में ले रहे हैं जो ऑस्ट्रेलिया में इस साल खेला जाएगा। गिल पहले इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुके हैं और अब वह टी20 विश्व कप 2022 के लिए टीम इंडिया में जाने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

शुभमन गिल ने कहा कि जो खिलाड़ी आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करेगा उसके पास टी20 विश्व कप में जगह बनाने का अच्छा मौका होगा। मैं यह भी देख रहा हूं कि अगर मैं इस आईपीएल में अच्छा करता हूं तो मुझे विश्व कप के लिए चुने जाने का भी मौका मिलेगा। अगर मैं ऐसा करने में सक्षम हूं तो मुझे बहुत खुशी होगी। प्रतिभाशाली बल्लेबाज ने 2018 में इस लीग में पदार्पण करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में 58 मैच खेले हैं और इस सीजन में उनका मानना ??है कि कोई भी टीम



जीत सकती है, जिसमें उनकी टीम भी शामिल है। गिल ने कहा कि निश्चित रूप से सभी दस टीमों के पास मौका है। किसी अन्य टीम के रूप में आईपीएल जीतने का मौका या मुझे लगता है कि हम आईपीएल जीतेंगे क्योंकि इस साल हमारे पास सभी बॉक्स टिक गए हैं और हमारी टीम के पास उचित बल्लेबाज, तेज गेंदबाज, वास्तविक ऑलराउंडर हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि जिस तरह से हमारे टीम बनाई गई है, हमने प्रत्येक बॉक्स पर टिक किया है और यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि हम मैदान पर कितना अच्छा खेलते हैं। इसलिए जितना अधिक हम अपनी टीम के साथ समय बिताएंगे उतना ही बेहतर होगा।

दिनेश कार्तिक और 2019 आईसीसी विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन के नेतृत्व में आईपीएल में खेलने के बाद पंजाब के खिलाड़ी हार्दिक पांड्या की कप्तानी में खेलेंगे जो पहली बार आईपीएल टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। गिल ने कहा कि निश्चित रूप से जब आप एक कप्तान के रूप में हार्दिक के बारे में सोचते हैं तो आपके दिमाग में पहली छवि एक खिलाड़ी के रूप में आती है, मुझे मैदान पर खुद को व्यक्त करने की स्वतंत्रता है और इसके अलावा और कुछ नहीं है जो आप एक कप्तान से पूछ सकते हैं और यदि आपके पास स्वतंत्रता है अपने आप को इस तरह व्यक्त करने के लिए कि आप अपना खेल खेलना चाहते हैं। यदि आपके पास मैदान पर वह स्वतंत्रता है यदि आपका कप्तान आपको ऐसा करने की अनुमति देता है तो आप कप्तान से और कुछ नहीं मांग सकते हैं और जब आप हार्दिक के बारे में सोचते हैं तो और कुछ नहीं है एक खिलाड़ी के रूप में आप आराम से ऐसा कर सकते हैं।

गौर हो कि शुभमन गिल ने आईसीसी अंडर-19 डब्ल्यूसी 2018 में भारत के स्टार क्रिकेटरों के साथ थे और इसके बाद उन्होंने आईपीएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और तीन वनडे और 10 टेस्ट खेलने वाली भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व भी किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए अब तक की एक कहानी और उम्मीद है कि इस यात्रा को मैं अपनी टीम गुजरात टाइटंस की मदद से आगे बढ़ा पाऊंगा या कुछ ऐसा होगा जिसे मैं यहां से 10-15 साल में संजो कर रखूंगा। ये यादें जो मैं टीम के साथ ले जा सकता हूं।

## वर्ल्ड नम्बर 1 एश्ले बार्टी ने 25 साल की उम्र में लिया टेनिस से संन्यास

**क्वींसलैंड ।** दुनिया की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी ने सबको चौंकाते हुए महज 25 साल की उम्र में टेनिस से रिटायरमेंट लेने का ऐलान किया है। तीन बार की ग्रैंडस्लैम की चैंपियन रह चुकीं एश्ले ने इसका ऐलान अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर किया है। अपने वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'आज का दिन मेरे लिए कठिन और भावनाओं से भरा है क्योंकि मैं टेनिस से रिटायरमेंट लेने की घोषणा कर रही हूं। मुझे समझ में नहीं आ रहा था कि आपके साथ इस खबर को कैसे साझा करूं इसलिए मैंने अपनी अच्छी दोस्त डेलाक्वा से मेरी मदद करने के लिए कहा।' एश्ले ने कहा, 'इस खेल ने मुझे जो कुछ भी दिया है उसके लिए मैं बेहद आभारी हूं और गर्व महसूस कर रही हूं। इस सफर में मेरा साथ निभाने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। मैं हमेशा उन यादों के लिए आभारी रहूंगी जो हमने साथ



में बनाई हैं।'

साल 2010 में टेनिस में अपना पेशेवर करियर शुरू करने के बाद एश्ले ने अपने इस छोटे से करियर में 15 एकल और 12 युगल खिताब जीते हैं। वह इस कम समयावधि में 15 या अधिक एकल खिताब और 10 या अधिक युगल खिताब जीतने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। एश्ले ने अपने करियर में तीन ग्रैंड स्लैम जीते- सबसे पहले साल 2019 में फ्रेंच ओपन अपने नाम किया, 2021 में विंबलडन और हाल ही में इसी साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता। वह डब्ल्यूटीए की रैंकिंग में कुल 121 हफ्ते तक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी रहीं।

इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनकी जीत ने इतिहास रचा है क्योंकि वह 44 साल में अपने देश की मिट्टी पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी बनी थीं। वह डब्ल्यूटीए की रैंकिंग में शीर्ष पर रहते हुए सेवानिवृत्त होने वाली विश्व की दूसरी महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले, शीर्ष पर रहते हुए लगातार 61 सप्ताह बिताने के बाद जस्टिन हेनिन 14 मई 2008 को रिटायर हुई थीं। उल्लेखनीय है कि एश्ले का एकल में 305-102 और युगल में 200-64 का रिकॉर्ड है।

## दीपक हुड्डा और क्रुणाल पांड्या विवाद पर गौतम गंभीर ने कहा- जरूरी नहीं कि आप दोस्त हों

**मुंबई।** आईपीएल के आगामी सीजन में गुजरात के दो ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या और दीपक हुड्डा एक ही फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलेंगे। पर दोनों ही खिलाड़ियों के बीच आपसी विवाद देखने को मिला था। अब इस मुद्दे पर लखनऊ टीम के मेंटोर गौतम गंभीर ने अपना बयान दिया है। गंभीर ने कहा कि जब हम टीम के लिए रणनीति बना रहे थे तो हम अधिक हरफनमौला चाहते थे। मुझे खुशी है कि संजीव गोयनका ने इसकी अनुमति दी। हुड्डा और कृणाल बड़ौदा के लिए



घरेलू क्रिकेट साथ खेलते थे लेकिन हुड्डा ने क्रुणाल पर धमकाने का आरोप लगाकर टीम छोड़ दी थी। अब दोनों लखनऊ टीम में साथ है।गंभीर ने कहा कि इससे कोई परेशानी नहीं आएगी। मैदान पर अच्छे प्रदर्शन के लिए घनिष्ठ मित्र होना जरूरी नहीं है। वे पेशेवर हैं और उन्हें अपना काम पता है। एक टीम में खेलने का मतलब यह नहीं कि रोज साथ में डिनर करें। मैं भी जब खेलता था तो टीम में सभी मेरे दोस्त नहीं थे लेकिन इससे मेरे प्रदर्शन पर फर्क नहीं पड़ा। ये परिपक्व लोग हैं और इन्हें पता है कि इन्हें मैच जीतने हैं। गौर हो कि आईपीएल मेगा ऑक्शन के दौरान लखनऊ फ्रेंचाइजी ने दीपक हुड्डा को 5.75 करोड़ रुपए देकर टीम में शामिल किया। इसके बाद टीम ने क्रुणाल पांड्या को भी टीम में शामिल कर लिया। क्रुणाल पांड्या को लखनऊ ने 8.25 करोड़ रुपए देकर टीम में शामिल किया।

# विदेश संदेश

## बाइडेन से यूक्रेन में मानवीय मदद के लिए भारत, ब्राजील और यूएई से पायलट लेने का अनुरोध

**वाशिंगटनः** अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से यूक्रेन में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए भारत, ब्राजील, मिस्र और यूएई जैसे देशों से संपर्क करने और इन देशों से पायलट मांगने का आग्रह किया है क्योंकि रूस इन्हें गैर-शत्रु देश मानता है।



बीस सांसदों के एक समूह ने बाइडेन को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि यूक्रेन में जहां भी संभव है जिंदगियां बचाना अमेरिका की नैतिक जिम्मेदारी है। पत्र में कहा गया है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के दौरान यूक्रेन में मदद पहुंचाने के लिए मानवीय गलियारे के संबंध में पूर्व में हुआ करार अभी तक भरोसे पर खरा नहीं उतरा है, खास तौर पर देश के सर्वाधित प्रभावित इलाकों में। इसमें आगे कहा गया है कि अमेरिकी खुफिया विभाग ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन की राजधानी में आने वाले दिनों में खाना और पीने का पानी समाप्त हो सकता है। पत्र में कहा गया है कि इस बात का खतरा है कि यूक्रेन के हवाई क्षेत्र में घुसते ही विमानों को मार गिया जा सकता है, ऐसे में प्रशासन से उन देशों से संपर्क करने और पायलट मांगने का आग्रह किया जाता है ,जिन्हें रूस गैर-शत्रु देश मानता है।

## मारियुपोल को मिली सरेंडर न करने की सजाःताकतवर रूसी बमों से मलबे में बदला शहर; जेलेंस्की बोले- अब यहां कुछ नहीं बचा

**मारियुपोल।** रूस ने यूक्रेन के दक्षिण तटीय शहर मारियुपोल पर हमले तेज कर दिए हैं। हुए दो शक्तिशाली बमों के हमले से मारियुपोल दहल उठा। ये हमले इंडस्ट्रियल एरिया पर हुए। हालांकि, हमले में कितने लोग मारे गए हैं, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

मारियुपोल पर फाइनल कब्जे के लिए रूस ने सोमवार को डेडलाइन दी थी, जो खत्म हो गई। वहीं, यूक्रेन ने सरेंडर से इनकार



कर दिया था। इसके बाद यहां स्ट्रीट फाइटिंग भी तेज हो गई है। वहीं, मंगलवार को इटली की संसद को दिए संबोधन में जेलेंस्की ने कहा कि रूसी बमबारी के बाद इस शहर में अब कुछ भी नहीं बचा है।यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूसी सेना को मारियुपोल शहर में कोई दिलचस्पी नहीं है, वे इसे जमींदोज करना चाहते हैं और राख में तब्दील करना चाहते हैं। मारियुपोल में फंसे लोग कई दिनों से बिजली और पानी के बिना जीने को मजबूर हैं। रूसी सैनिकों ने 1 मार्च को 4.5 लाख की आबादी वाले मारियुपोल की घेराबंदी की थी। हमले के बाद अब तक करीब 2.5 लाख शहर छोड़ चुके हैं।

## अफगानिस्तानः सभी उम्र की लड़कियों के लिए फिर खुले स्कूल, तालिबानियों ने कक्षा 6 से ऊपर की छात्राओं पर लगाए थे प्रतिबंध

**काबुल।** अफगानिस्तान के हेरात में एक बार फिर से सभी उम्र की छात्राओं को स्कूल जाने की अनुमति दे दी गई है। बता दें कि



इससे पहले कक्षा 6 से आगे की लड़कियों को स्कूल जाने की अनुमति नहीं थी। हालांकि शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने कक्षा छह से आगे की लड़कियों के बारे में अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

# पाक में राजनीतिक संकट गहराया : पीएम इमरान के 'करीबी' पूर्व सलाहकार, चीफ सेक्रेटरी व जस्टिस देश से भागे !

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार बहुत बड़े राजनीतिक संकट से गुजर रही है। माना जा रहा है कि अब इमरान खान की कुर्सी जाना तय है । विपक्ष इमरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहा जिस पर 28 मार्च को वोटिंग होनी है। लेकिन आर्मी चीफ ने इससे पहले ही उन्हें इस्तीफा देने का आदेश दे दिया है। इस बीच बड़ी खबर सामने आई है कि इमरान खान सत्ता संकट में घिरते ही उनके करीबियों ने पाकिस्तान छोड़ना शुरू कर दिया है।

खान के पूर्व एडवाइजर शहजाद अकबर, चीफ सेक्रेटरी आजम खान और पूर्व चीफ जस्टिस गुलजार अहमद देश छोड़ कर जा चुके हैं। इमरान के इन करीबियों को लगता है कि तख्तापलट होने के बाद इनकी मुश्किलों में इजाफा हो सकता है, इसलिए सभी पाकिस्तान छोड़कर भाग गए हैं। 25 या 28 मार्च को संसद में नो कॉन्फिडेंस मोशन यानी अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि इमरान फ्लोर टेस्ट के पहले ही इस्तीफा दे देंगे। ये भी कयास हैं कि वो संसद में भाषण के बाद कुर्सी छोड़ेंगे। बहरहाल, खान कुर्सी छोड़ें या न छोड़ें, उनके पूर्व करीबी मुल्क जरूर छोड़ने लगे हैं। खास बात ये है कि पाकिस्तान के कई जर्नलिस्ट इस बारे में पहले ही आशंका जता रहे थे।शहजाद अकबर भ्रष्टाचार और आंतरिक मामलों पर इमरान के सलाहकार थे। खान उन्हें ब्रिटेन से पाकिस्तान लाए थे। इमरान चाहते थे कि



नवाज शरीफ और उनके परिवार को भ्रष्टाचार के मामलों में सजा दिलाई जाए। नवाज तो जेल से इलाज के लिए लंदन चले गए। देश में उनके भाई शहबाज और बेटी मरियम रह गईं। अकबर ने दर्जनों प्रेस कॉन्फ्रेंस कीं और वहीं शरीफ परिवार को दोषी करार दिया। लेकिन, अदालत ने सबको बरी कर दिया, क्योंकि सबूत नहीं थे। रिंग रोड, शुगर, हाउसिंग जैसे घोटालों के आरोप इमरान सरकार पर लगे। इस पर चुप्पी साध ली गई। फिर जनवरी के आखिर में बहुत दबे सुरों में अकबर के इस्तीफे की खबर आई। इसके बाद वो कहीं नजर नहीं आए। अब कहा जा रहा है कि वो परिवार समेत लंदन लौट चुके हैं। जनवरी तक गुलजार पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस थे। उनके बारे में मिलीजुली बातें कही जाती हैं। एक तरफ तो उन्होंने इमरान सरकार को गवर्नेंस के मुद्दे पर फटकार लगाई और सरकार चलाने के तौर तरीकों पर सवाल उठाए। तो वहीं दूसरी तरफ, कुछ साफ इशारे इस बारे में भी मिले कि वो फौज के कहने पर फैसले करते हैं।इमरान ने भ्रष्टाचार के कई मुद्दों पर फैसले लटकाए रखे। इनमें ज्यादातर सरकार से जुड़े मामले थे। उन्होंने फौज को आखिरी वक्त में नाराज कर दिया। एक फैसले में कहा- आर्मी को जमीन मुल्क की हिफाजत के लिए दी गई है। वो उन पर मैरिज हॉल और थिएटर बनाकर पैसा क्यों कमा रही है?

गुलजार का परिवार जनवरी में उनके रिटायर होने के काफी पहले ही अमेरिका जा चुका था। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने भी मुल्क छोड़ दिया।

अमेरिका में रहने वाले पाकिस्तानी वकील, जर्नलिस्ट और सोशल वर्कर डॉक्टर साजिद तराड़ ने कहा- इमरान के करीबियों के भागने का सिलसिला सिर्फ शुरू हुआ है। अभी कम से कम 8 मिनिस्टर मुल्क छोड़ेंगे। नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर मोईद यूसुफ भी बस जाने ही वाले हैं। इमरान के बच्चे लंदन में है। वो भी वहां चले जाएं तो हैरानी की बात नहीं होगी।

# चीन में कपल ने पैदा किए 15 बच्चे! खुलासे के बाद 11 अधिकारियों को मिली सजा

**बीजिंगः** अपने देश में जनसंख्या घटाने और बढ़ाने के हिटलरी आदेशों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले चीन से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां वन चाइल्ड पॉलिसी लागू होने के दौरान एक कपल के 15 बच्चे हो गए। मामला सामने आने के बाद 11 अधिकारियों को सजा सुनाई गई है। मामला दक्षिणी चीन के गुआंग्शी जुआंग का है।

चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक स्थानीय अधिकारियों ने रविवार 20 मार्च 2022 को जाँच में पाया कि 76 वर्षीय लियांग और उनकी 46 वर्षीय पार्टनर लू हॉन्गलेन के 15 बच्चे हैं। लू ने वर्ष 1995 से 2016 के बीच 4 लड़कों और 11 लड़कियों को जन्म दिया। रिपोर्ट के अनुसार लियांग और हॉन्गलेन की मुलाकात वर्ष 1994 में गुआंग्डोंग में हुई थी। इसके बाद दोनों ने अनौपचारिक शादी की। कपल ने अपनी शादी रजिस्टर्ड नहीं कराई इनकी जानकारी मिलने के बाद स्थानीय अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की, जिसमें



और वर्ष 2015 से 2019 तक गरीबों को मिलने वाली सब्सिडी भी लेते रहे। चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा 1 मार्च 2022 को महिलाओं और बच्चों की मानव तस्करी के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू करने के बाद यह कपल सुर्खियों में आया। गुआंग्शी के रोंग काउंटी में फैमिली प्लानिंग स्टेशन के कुल 11 अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने काम में लापरवाही का दोषी पाते हुए सजा दी गई। बताया जा रहा है कि इसमें रोंग काउंटी में लिकुन शहर के प्रमुख और स्थानीय फैमिली प्लानिंग स्टेशन के डायरेक्टर भी शामिल हैं। बता दें कि चीन में पूर्वी जिआंगसु प्रांत के फेंग काउंटी के हुआनकोउ गाँव में 8 लोगों को जंजीर से जकड़े हुए पाया गया था, जिसके बाद वहाँ की सरकार ने मानव तस्करी के खिलाफ अभियान शुरू किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पहले लियांग वर्ष 2016 में अपने से 30 साल छोटी महिला से शादी करने को लेकर चर्चा में आए थे। हैरानी की बात यह भी है कि लियांग की पत्नी लू ने ज्यादातर बच्चों को घर पर ही जन्म दिया है। बता दें कि अगर यह कपल वन चाइल्ड पॉलिसी के खत्म होने से पहले पकड़ा जाता तो इस मामले में उन्हें भी सजा का सामना करना पड़ सकता था। चीन में वर्ष 2015 में इस पॉलिसी को बदलकर टू चाइल्ड किया गया। इसके बाद चीन की सरकार ने 21 जुलाई, 2021 को टू चाइल्ड पॉलिसी में भी बदलाव करते हुए इससे जुड़े दंड के प्रावधान को खत्म कर दिया था।


## रूस पर नए प्रतिबंध लगाने के लिए बाइडेन मिलाएंगे सहयोगियों से हाथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने के लिए सहयोगी देशों से हाथ मिलाएंगे। साथ ही रूसी प्राकृतिक गैस पर यूरोपीय निर्भरता को कम करने के लिए एक नई संयुक्त कार्रवाई की घोषणा करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'वह (बाइडेन) रूस पर और प्रतिबंध लगाने, मौजूदा प्रतिबंधों को मजबूत करने करने के लिए हमारे सहयोगियों के साथ हाथ मिलाएंगे।

वह यूरोपीय ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने और रूसी गैस पर यूरोप की निर्भरता को कम करने को लेकर संयुक्त कार्रवाई की घोषणा करेंगे।' सुलिवन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन अपने आगामी यूरोप दौरे पर यूक्रेन को सैन्य सहायता के अगले चरण पर समन्वय करेंगे।

**पुतिन, मैक्रों ने यूक्रेन के मुद्दे पर की बात**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा की। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा, 'रूसी और



यूक्रेनी प्रतिनिधियों के बीच चल रही बातचीत सहित यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का गहन आदान-प्रदान हुआ।' दोनों नेताओं की बाततीच मैक्रों की पहल पर हुई।

## चीन का अमेरिका पर पलटवार, बोला- हमें दक्षिण चीन सागर द्वीपों को विकसित करने का पूरा अधिकार

**बीजिंगः** चीन ने अमेरिका पर पलटवार कहा कि उसे दक्षिण चीन सागर के द्वीपों को विकसित करने का अधिकार है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने एक दैनिक ब्रीफिंग में संवाददाताओं से कहा, ''अपने अधिकार क्षेत्र में आवश्यक राष्ट्रीय रक्षा उपकरणों की तैनाती हर संप्रभु देश का अधिकार है और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है, जो निंदा से परे है। अमेरिका का आरोप है कि चीन ने पिछली प्रतिबद्धता के उल्लंघन में विवादित जलमार्ग में बनाए गए कई द्वीपों में से कम से कम तीन का पूरी तरह से सैन्यकरण कर दिया है। वांग ने कहा, ''क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य गतिविधियों का उद्देश्य ''समस्या को बढ़ाना है। उन्होंने कहा, ''यह गंभीर रूप से तटीय देशों की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए खतरा है और दक्षिण चीन सागर में नौवहन सुरक्षा को कमजोर करता है।

अमेरिकी सेना के हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलीनो ने रविवार को कहा था कि चीन ने तेजी से आक्रामक कदम उठाते हुए जहाज रोधी और विमान भेदी मिसाइल प्रणाली, लेजर और जैमिंग उपकरण, और लड़ाकू विमान के साथ द्वीपों को हथियारों से लैस किया है, जिससे आसपास के सभी देशों को खतरा है। एक्विलिनो ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को दिये एक साक्षात्कार में कहा था, ''मुझे लगता है कि पिछले 20 वर्षों में हमने पीआरसी द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे बड़ा सैन्य निर्माण देखा है।

## यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को पूरा करने में विफल रहा है रूस : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यूक्रेन पर भीषण एवं क्रूर आक्रमण के जरिये रूस अपने तीन प्रमुख लक्ष्यों को हासिल करने में स्पष्ट रूप से विफल रहा है। रूस द्वारा यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के तीन दिन बाद 24 फरवरी को रूसी सेना ने यूक्रेन के खिलाफ एक विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत की थी।

सुलिवन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि यूक्रेन के खिलाफ अकारण हमला शुरू कर रूस अपने तीन बुनियादी लक्ष्यों को पूरा करना चाहता है। इनमें से सबसे पहला लक्ष्य यूक्रेन को अपने अधीन करना है। दूसरा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस की ताकत एवं प्रतिष्ठा को बढ़ाना है, जबकि तीसरा लक्ष्य पश्चिमी देशों को विभाजित कर उन्हें कमजोर करना है।अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा, ÷ रूस अब तक इन तीनों लक्ष्यों को पूरा करने में स्पष्ट रूप से विफल रहा है। वास्तव में रूस ने अब तक इन लक्ष्यों के विपरीत परिणाम ही हासिल किए हैं।' सुलिवन ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यूक्रेन के बहादुर नागरिक आत्मसमर्पण करने से इनकार कर रहे हैं। वे डटकर रूसी सैनिकों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों तथा अपने शहरों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि रूस अपने 'क्रूर' सैन्य अभियान के जरिए कुछ और क्षेत्रों पर कब्जा कर सकता है, लेकिन यूक्रेन के लोगों से उनका देश नहीं छीन सकता।

# यूएस शीर्ष अधिकारी का दावा- भारत क्वाड में अमेरिका का महत्वपूर्ण भागीदार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत, स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को साकार करने के लिए क्वाड में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, मुक्त एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं।

चीन लगभग पूरे विवादित चीन सागर में कृत्रिम द्वीप तथा सैन्य प्रतिष्ठान भी बनाए हैं। विदेश



मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''यह एक द्विपक्षीय संबंध है, जो पिछले 25 वर्षों में कई मायनों में गहरा हुआ है। यह द्विपक्षीय आधार पर ही संभव हो पाया है।' प्राइस ने कहा, ''यह जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन की विरासत का एक हिस्सा है, जहां हमने अमेरिका और भारत के बीच इस द्विपक्षीय संबंध को विकसित होते देखा है और हमारे रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों सहित कई क्षेत्रों में यह संबंध प्रगाढ़ हुए हैं।'


उन्होंने कहा, ''तथ्य यह है कि हम भारत के भागीदार हैं। जब हम एक स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा किए गए मूल्यों की बात करते हैं तो हम भारत के भागीदार हैं। हमने अपनी रक्षा तथा सुरक्षा के संदर्भ में इस संबंध में निवेश किया है। इसलिए ऐतिहासिक संबंधों के साथ ही अब हम भारत के पसंदीदा भागीदार हैं...।' प्राइस ने कहा कि क्वाड तथा द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में... एक स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत के साझा दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारत उनका एक आवश्यक भागीदार है।

# युद्ध खिंचने से पुतिन की बौखलाहट बढ़ी :राजधानी कीव पर कब्जे के लिए संघर्ष कर रहा रूस; पश्चिमी देशों को एटमी हमले का डर

**मॉस्को।** यूक्रेन पर रूस के हमले 27 दिन बीत चुके हैं। इतने दिन बाद भी रूसी सेना को जमीनी रास्ते से आगे बढ़ने में संघर्ष करना पड़ रहा है। उसे दक्षिण यूक्रेन में लगातार यूक्रेन की सेना से जवाब मिल रहा है। युद्ध लंबा खिंचने और वैश्विक मंचों पर दरकिनार किए जाने से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की बौखलाहट बढ़ रही है।

अमेरिकी एक्सपर्ट्स आशंका जता रहे हैं कि पुतिन अब छोटे परमाणु हमले कर सकते हैं। वे परमाणु हमले की चेतावनी दे चुके हैं और अपनी परमाणु टुकड़ी को अलर्ट पर रखा है। रूसी सेना ने न्यूक्लियर पॉवर प्लांट पर हमले किए हैं।

**बेल्जियम में नाटो की बैठक-** इस मसले पर नाटो की इसी हफ्ते नाटो की बेल्जियम के ब्रसेल्स में बैठक होने जा रही है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो



बाइडेन भी शामिल होंगे। बैठक में इस बात पर भी चर्चा होगी कि अगर रूस केमिकल, बायोलॉजिकल, साइबर या परमाणु हथियारों की तरफ जाता है, तो उसे कैसे जवाब दिया जाए।

वैसे दूसरे विश्व युद्ध के समय जब अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा पर हमला किया था तब भी रूस के पास ज्यादा क्षमता थी। आज अमेरिका के पास हिरोशिमा पर गिराए बम से 1000 गुना, तो रूस के पास 3000 गुना क्षमता के एटम बम है।

**रूसी सैनिक पहले से कर रहे तैयारी**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि रूसी सैनिक पहले से ही परमाणु हमले की तैयारी कर रहे हैं। पुतिन हमले के लिए न्यूक्लियर हथियारों के जखीरे से अलग तरीके के एस्केलेटरी विकल्प का चुनाव कर सकते हैं। इसकी संभवना कम ही है, लेकिन हमले की आशंका से इनकार नहीं किया जा।

पुतिन यूक्रेनी सैनिकों पर परमाणु हमले की बजाय किसी खाली जगह का चुनाव भी कर सकते हैं। रूस घातक हमलों का संकेत देने के लिए उत्तरी सागर के एक सुदूर हिस्से पर एक बम विस्फोट भी कर चुका है।

# अफगानिस्तान में तालिबान ने खुलते ही बंद करा दिए लड़कियों के स्कूल

**काबुल।** अफगानिस्तान में बुधवार की सुबह लड़कियां खासी प्रफुल्लित थीं। आखिर लंबे समय बाद स्कूल खुलने की खुशी में बड़े उत्साह के साथ स्कूल पहुंचीं भी, किन्तु कुछ ही देर बाद उनके स्कूल बंद करा दिए गए। इसके बाद दुखी लड़कियां निराश और रोती हुई वापस घर लौट गयीं।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से ही वहां लड़कियों के स्कूल लगातार बंद चल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय दबाव और मान्यता की आस में तालिबान ने बुधवार से लड़कियों के स्कूल खोलने का आदेश जारी किया था। इसे लेकर छात्राएं खासी उत्साहित थीं। बुधवार को स्कूल खोलने के कुछ ही



घंटों बाद तालिबान ने इन्हें पुनः बंद करने का आदेश दे दिया।

पिछले साल अगस्त में तालिबान द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद पहली बार विद्यालय पहुंचीं छात्राएं आंसुओं के साथ घर लौट गयीं। इस कारण वहां भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। तालिबान के प्रवक्ता इनामुल्लाह समांगानी ने इसे सच करार दिया।

उन्होंने तत्काल स्कूलों को बंद करने का कारण नहीं बताया. इस बीच शिक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता अजीज अहमद रायन ने कहा कि उन्हें इस पर टिप्पणी करने की अनुमति नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की दूत डेब्राह लियोन्स ने स्कूलों को बंद करने के फैसले को परेशान करने वाला करार दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि इस फैसले के पीछे क्या कारण हो सकता है। फिलहाल उत्साहित बेटियां तालिबानी फैसले से निराश हैं। वहां के शिक्षक-शिक्षकाएं भी तालिबान के दबाव में दहशत में हैं और कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506